GE
नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-6 चीन भले ही अमेरिका का दुश्मन हो पर चीनी हैं लेविट के दीवाने



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, रविवार, 16 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 350
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### अमेरिका में तूफान से 32 लोगों की मौत, दो राज्यों में आपातकाल



**वॉशिंगटन।** दक्षिण अमेरिका में भयंकर तूफान में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। तूफान से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास और ओक्लाहोमा हैं। मिसौरी में सभी राज्यों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई, जहाँ कम से कम 12 लोग मारे गए हैं। वहीं कैनसस में आठ लोग मारे गए हैं। अमेरिका के दक्षिण-पूर्व के राज्यों में तूफान की वजह से भारी नुकसान हुआ है। कई घर टूट गए हैं और गाड़ियां पलट गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में पश्चिमी टेनेसीस, पूर्वी लुइसियाना और सेंट्रल मिसिसिपी में मौसम भी और खराब हो सकता है। इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। अर्कांसस और जॉर्जिया के गवर्नरों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है क्योंकि मौसम और भी खराब होने की आशंका है। अर्कांसस की गवर्नर सारा हुकाबी ने भी घायल लोगों की मदद के लिए आपदा रिकवरी फंड के रूप में 2,50,000 डॉलर जारी किए हैं।

### सीने में दर्द के बाद ए.आर. रहमान चेन्नई के अस्पताल में भर्ती



**चेन्नई।** म्यूजिक डायरेक्टर ए.आर. रहमान को सीने में दर्द की शिकायत के बाद चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑस्कर अवॉर्ड विजेता रहमान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टर उनकी गहन निगरानी कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही अस्पताल से घर आएंगे। रहमान जब विदेश से वापस आए तो उन्होंने गर्दन में दर्द होने की शिकायत की। इसके बाद उन्हें सीने में दर्द हुआ। इससे एक हफ्ते पहले एआर रहमान की पूर्व पत्नी सायरा बानो भी अस्पताल में भर्ती हुई थीं। डॉक्टर ने उनका ऑपरेशन करने को कहा था।

### पुलिस टीम पर हमले में एएसआई की मौत

**रीवा।** मऊगंज जिले में शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में कल देर रात पुलिस टीम पर हुए हमले में एएसआई की मौत हो गई। दरअसल, गांव में आदिवासी परिवार द्वारा एक युवक को बंधक बनाकर पीटने की सूचना पाते ही पुलिस उसे बचाने पहुंची थी। तभी टीआई समेत पुलिस की टीम पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार गत दिनों हादसे में अशोक कुमार आदिवासी की मौत हो गई थी। आदिवासी परिवार ने इसे हादसा न मानते हुए सनी द्विवेदी नाम के युवक पर हत्या का आरोप लगाया था। होली पर शाम करीब 4 बजे आदिवासी परिवार ने सनी द्विवेदी को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया और उसकी पिटाई शुरू कर की। मारपीट में सनी की भी मौत हुई है। एसडीओपी अंकिता सूल्या और एसआई आरती वर्मा ने खुद को गांव में ही एक कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद भारी पुलिस फोर्स पहुंची। फायरिंग करते हुए पुलिस अंदर घुसी और गांव में 144 धारा लगाई। फोर्स एसआई-एसडीओपी को बाहर लाई।

## गड्ढे के अंदर ब्लॉस्ट से दहशत में लोग

# एक तरफ का काम अधूरा छोड़ दूसरी तरफ खोदने लगे सड़क



## अन्नपूर्णा रोड का बिगड़ रहा है ट्रैफिक

GE Special

*गुड इवनिंग, इंदौर। अन्नपूर्णा रोड पर किए जा रहे विकास कार्य खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। यहां एक तरफ का कार्य पूरा हुआ ही नहीं है, वहीं जेसीबी से दूसरी तरफ की सड़क भी खोदी जा रही है। उक्त कार्य के कारण मार्ग का ट्रैफिक भी बिगड़ रहा है। वहीं गड्ढ़े के अंदर ब्लॉस्ट करने के कारण वाहन चालक सहित लोग दहशत में हैं।*



अन्नपूर्णा रोड पर सीवरेज लाइन का कार्य कई महीनों से चल रहा है, यहा कार्य के दौरान कई बार बैरिकेड्स भी इधर-उधर दिखते है, जबकि इस मार्ग से बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। कार्य की गति देखकर अभी भी यह कहना मुश्किल है कि कार्य कब पूरा होगा। इधर वैशाली नगर से अन्नपूर्णा मंदिर की तरफ आने वाली सड़क पर कई महीनों से कार्य चल रहा है, वहीं अब अन्नपूर्णा मंदिर से वैशाली नगर जाने वाली सड़क को भी खोदना शुरू कर दिया गया है। यदि यह कार्य बारिश के पहले समाप्त नहीं किया गया तो बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि कार्य करने वाले ठेकेदार गड्ढे के अंदर ब्लॉस्ट भी करवाते हैं। इससे कई बार वाहन चालक डर जाते हैं। उन्हें समझ नहीं आता है कि हुआ क्या है जो इतनी तेज आवाज आई। कई बार तो दूसरी तरफ के वाहन चालक रुककर देखने भी लगते हैं, कि क्या हुआ है।



### सामान भी रखा रहता है सड़क पर

अन्नपूर्णा रोड पर बड़े बड़े गड्ढे किए जा चुके है, वहीं गड्ढ़ों के आसपास निर्माण सामग्री भी रखी रहती है, वहीं कई बार जेसीबी, ट्रैक्टर आदि भी खडे रहते है, ऐसे में शाम के समय वाहन चालकों को और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, दिक्कत वहां ज्यादा होती है जहां यू टर्न या सड़क क्रास करने की जगह है, इससे जाम जैसी स्थिति बनती है। गौरतलब है कि जब कार्य पूरा हो जाएगा तब संभवतः यहां भी ब्लॉक लगाए जाएंगे, यह ब्लॉक बारिश के समय वाहन चालकों के लिए और परेशानी बनेंगे।

## रूस-यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किए हवाई हमले

समझौते की कोशिशों को झटका, यूक्रेनी उर्जा ठिकानों को भारी नुकसान

एजेंसी

**कीव।** रूस और यूक्रेन ने शनिवार रात एक-दूसरे पर भारी हवाई हमले किए। दोनों देशों ने जानकारी दी कि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में दूसरे देश के ड्रोन दिखाई दिए। यह हमला उस समय हुआ, जब 24 घंटे पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ घंटों तक बैठक की और यूक्रेन युद्ध में 30 दिन के अस्थायी युद्धविराम पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शत्रु के 100 से अधिक ड्रोन देखे जाने की सूचना दी।

वोल्गोग्राद क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने बताया कि गिरते हुए ड्रोन के मलबे से क्रास्नोरमिस्की जिले में एक लुकोइल तेल रिफाइनरी के पास आग लगी। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने अधिक जानकारी नहीं दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना के बाद आसपास के हवाई अड्डों पर उड़ानों पर अस्थायी रोक लगा दी गई।



### 126 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया: रूसी रक्षा मंत्रालय

रूस का यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद पिछले तीन वर्षों में वोल्गोग्राद रिफाइनरी को कई बार निशाना बनाया है। हाल ही में 15 फरवरी को एक ड्रोन हमले में इसे फिर से निशाना बनाया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 126 यूक्रेन ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से 64 वोल्गोग्राद क्षेत्र में थे। अन्य ड्रोन वोरोजेन, बेलग्राद, ब्रायांस्क, रोस्तोव और कुर्स्क क्षेत्र में गिराए गए।

## मप्र के कई जिलों में बारिश का अलर्ट

साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव होने से इंदौर, भोपाल, शहडोल और ग्वालियर संभाग में दिखेगा असर

एजेंसी

**भोपाल।** मप्र में बढ़ते तापमान के बीच गर्मी से परेशान लोगों के लिए आज सुबह राहत रही। कई जिलों में घने बादल छाए हैं। जबकि, इंदौर सहित कुछ जिलों में सुबह बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान कम हुआ।

अब गर्मी के बीच प्रदेश में मौसम फिर से करवट लेगा। आज और कल दिन-रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी वहीं 18 और 19 मार्च को जबलपुर, नर्मदापुरम, इंदौर, भोपाल, शहडोल और ग्वालियर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। खासकर 19 मार्च को पूर्वी हिस्सा भीगेगा। प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच चुका है। हालांकि, 3 दिन से प्रदेश के कुछ शहरों में मौसम बदला हुआ है। कहीं हल्की बारिश हो रही है तो कहीं तेज गर्मी है, लेकिन दो दिन में पूरे प्रदेश में तापमान



में गिरावट होगी। मौसम विभाग का कहना है कि अभी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव है। इससे शनिवार को झाबुआ, रतलाम, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ में कहीं बादल छाए तो कहीं बूंदाबांदी हुई। यह सिस्टम लौट जाएगा। जिससे दो दिन तक पारे में गिरावट होगी, लेकिन 18-19 मार्च को फिर से नया सिस्टम एक्टिव होगा, जो बारिश करा सकता है। 18-19 मार्च को मौसम विभाग ने कई शहरों में मौसम के बदलने की संभावना जताई है।

### पिछले 3 दिन ऐसा रहा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, 14 मार्च को मुरैना, भिंड में हल्की बारिश हुई। 15 मार्च को भिंड में बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं, 16 मार्च को झाबुआ, रतलाम, भिंड, मुरैना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ में कहीं-कहीं बौछारें गिरीं और बादल छाए रहे। राजधानी भोपाल में भी दिन में बादल देखने को मिले। बाकी शहरों में आसमान साफ रहा और गर्मी का असर देखा गया। दूसरी ओर, नर्मदापुरम में 39.8 डिग्री, खजुराहो में 39.6 डिग्री, मंडला में 39.3 डिग्री, रतलाम-दमोह में पारा 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कश्मीर में कई हमलों में शामिल रहा

## हाफिज सईद के करीबी आतंकी अबू कताल की पाकिस्तान में हत्या

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हाफिज सईद के करीबी और कश्मीर में कई हमलों में संलिप्त रहे लश्कर ए तोइबा के आतंकी अबू कताल की हत्या कर दी गई। वारदात शनिवार रात 8 बजे की बताई जाती है। कताल भारत के रियासी हमले का मास्टरमाइंड था। हत्या के पीछे किसका हाथ है, अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक झेलम जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर कताल की हत्या कर दी। वह मुंबई 26/11 हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईजद का करीबी था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक अबू



कताल 2002-03 में भारत आया था और यहां कश्मीर के पुंछ-राजौरी इलाके में सक्रिय रहा। इसके अलावा नौ जून को रियासी में तीर्थयात्रियों कर बस हुए हमले में उसकी अहम भूमिका थी। इस हमले की चार्जशीट में एनआईए ने दावा किया था कि हमले का मकसद पूरी तरह से देशभर से शिवखोड़ी व वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं में खौफ पैदा करना था। यहीं नहीं, आतंकी स्थानीय लोगों में भी भय पैदा करना चाहते थे।


पात्र लोगों को नहीं मिला लाभ, सूची में अमीरों के नाम

# पीएम आवास योजना में रिश्वत का खेल!

प्रदीप जैन, सारंगपुर

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए, योजना के माध्यम से सरकार, कम आय वाले लोगों को पक्का घर बनाने के लिए 1 लाख 30 हजार तक की मदद देती है लेकिन सारंगपुर जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने और योजना में नाम चयन कराने के नाम पर रिश्वत का खेल चल रहा है। रिश्वत नहीं देने पर योजना में मंजूर राशि भी वापस हो रही है।

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लिए सर्वे शुरू हो गया है। ब्लाक में पंचायत स्तर पर 98 ग्राम पंचायतों में शुरू किया गया है। यह सर्वे 31 मार्च तक चलेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2028-29 तक के लिए इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इसके तहत आवास प्लस सर्वे-2024 शुरू किया गया है। सर्वे के माध्यम से पीएम आवास योजना ग्रामीण में स्थायी प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ना हैं। यह सर्वे दो तरह से हो रहा है। पहला पात्र परिवारों का ग्राम पंचायत में नामांकित सर्वेयर द्वारा सर्वे और दूसरा हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी अपना नाम जुड़वा सकते हैं। अब तक ब्लाक में 10726 हितग्राहियों को चिह्नित किया गया है।




### भ्रष्टाचार के लग रहे आरोप, ग्राम भूमका का उदाहरण

सारंगपुर की ग्राम पंचायतों में पात्र हितग्राहियों से सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक 10 से लेकर 20 हजार रुपये तक की रिश्वत पीएम आवास स्वीकृत करने को लेकर ले रहे हैं। इसका एक उदाहरण ग्राम पंचायत भूमका में सामने भी आया है। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी अनियमितता मिली है। हितग्राही भगवान सिंह ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने सरपंच पति पर प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। भगवानसिंह ने सीएम हेल्पलाइन में 15 लाभार्थियों के नाम भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी शिकायत झूठी साबित होती है तो उन पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है। मामले में सरपंच पति दुर्गाप्रसाद नागर ने अपनी सफाई में कहा कि पुरानी दुश्मनी के कारण उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं, पंचायत सचिव संजय सिंह तोमर ने बताया कि अपात्रता की जांच चल रही है। इस बीच शिकायतकर्ता के भाई ने उनसे अभद्रता की, जिसकी शिकायत थाने में की गई है।

### बोले जिम्मेदार

अभी मैं कुछ दिन पहले ही पदस्थ हुआ हूं। मेरे सामने अभी तक ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अगर पीएम आवास में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है तो जांच के बाद कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

**कृपाल पैरवाल, सीईओ, जपं, सारंगपुर**

दुग्धाभिषेक कर होलकर राजवंश के गौरवशाली इतिहास पर डाला प्रकाश

# आज निकलेगी श्रीमंत मल्हारराव होलकर की भव्य शौर्ययात्रा

गुड इवनिंग, इंदौर



श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर के संयुक्त तत्वावधान में इन्दौर संस्थापक श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर की 332वीं जयंती पर शनिवार को महूनाका स्थित लालबाग परिसर में सुभेदार मल्हारराव होलकर की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया। इस अवसर पर धनगर समाज के युवाओं के साथ सैकड़ों समाज बंधु मौजूद थे।

श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं शौर्ययात्रा संयोजक दीपक वालेकर क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश टकले व क्षत्रीय धनगर सेवा संघ अध्यक्ष हरीश बारगल, सचिव संजय कड़ एवं उदय बहाड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे नवयुवक मंडल ने प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात सुभेदार मल्हारराव की प्रतिमा पर पवित्र जल व दुग्धाभिषेक कर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के पश्चात समाज के वरिष्ठों ने होलकर राजवंश के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश भी डाला। कार्यक्रम में धनगर समाज नवयुवक मंडल के सदस्यों के साथ ही समाज बंधु उपस्थित थे।

शौर्ययात्रा संयोजक दीपक वालेकर ने बताया कि इंदौर संस्थापक श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होल्कर की 332वीं जन्म जयंती पर भव्य शौर्ययात्रा रविवार 16 मार्च को शाम 4 बजे से राजबाड़ा देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ निकाली जाएगी। शौर्ययात्रा के दौरान युवा श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर के इतिहास से इन्दौर की जनता को रूबरू कराएंगे। शौर्ययात्रा का पूरा स्वरूप राजशाही अंदाज में शानौ-शौकत से निकाला जाएगा। पुरूष श्वेत वस्त्र व महाराष्ट्रीयन टोपी पहन शामिल होंगे तो वहीं महिलाएं भी केसरिया रंग के परिधान में नजर आएंगी। यात्रा के मार्ग में होलकरों का इतिहास बताती झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। राजबाड़ा स्थित मल्हारी मार्तण्ड मंदिर एवं देवी अहिल्याबाई प्रतिमा स्थल से निकलने वाली यात्रा में बैंड़-बाजे, घोड़े बग्घी, रथ, झांझ-मजीरा पार्टी के साथ ही अखाड़ों के कलाकार व युवतियां भी करतब दिखाते हुए इस शौर्ययात्रा में शामिल होंगे। समाज के युवा राजशाही परिधानों में घोड़े पर सवार होकर होलकर राजवंश व उनके शासन काल के इतिहास, साहस व पराक्रम से सभी शहरवासियों को रूबरू कराएंगे। बग्घी पर सवार लोकमाता देवी अहिल्या बाई भी मार्ग में सभी को अपना आशीष प्रदान करेंगी। राजबाड़ा देवी अहिल्या बाई प्रतिमा स्थल से निकलने वाली शौर्ययात्रा प्रिंस यशवंत निवास रोड़, पंढरीनाथ, हरसिद्धी, मोती तबेला, कलेक्टर चौराहा होते हुए लालबाग परिसर पहुंचेगी जहां मल्हारराव होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इस यात्रा का समापन होगा। यात्रा के मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मंच लगाकर यात्रा की अगवानी की जाएगी साथ ही यात्रा में शहर की जनता को सामाजिक सरोकार के संदेशों के साथ ही शहर को यातायात में भी नबंर वन बनाने की शपथ युवाओं व समाज बंधुओं को दिलाई जाएगी। शहर में निकाली जा रही इस शौर्ययात्रा का यह 8 वां वर्ष हैं। शौर्ययात्रा में साधु-संतों के साथ ही होलकर राजवंश के श्रीमंत युवराज यशवंतराव होलकर (तृतीय) विशेष रूप से उपस्थित होंगे। यात्रा में अण्णा महाराज, विवेक गुरूजी, दादू महाराज, नीतिन मतकर, फिल्म अभिनेता विजेंद्र घाटगे सहित सर्व मराठी भाषी शामिल होंगे।

होलकर राजवंश के 14 गौरवशाली नरेश दिखेंगे एक साथ- शौर्ययात्रा में होलकर राजवंश के 14 गौरवशाली नरेश एक साथ घोड़े पर सवार होंगे। जिनमें श्रीमंत सूभेदार मल्हारराव होलकर, श्रीमंत मालेराव, अहिल्याबाई, तुकोजीराव, काशीराव, यशवंतराव, मल्हारराव होलकर द्वितीय, मार्तण्डराव, हरिराव होलकर, खंडेराव, तुकोजीराव द्वितीय, शिवाजी राव, तुकोजीराव होलकर तृतीय, यशवंतराव होलकर द्वितीय होंगे।

कटक से अटक तक के 52 युद्धों के विजेता- श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर दीपक वालेकर ने बताया कि इन्दौर के संस्थापक श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। मल्हारराव होलकर एक महापराक्रमी, योद्धा, दूरदृष्टा, कुशल रणनीतिकार, युद्धनीति के उत्तम शिल्पकार भी थे। श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होलकर ने मुगलों को युद्ध में हराकर होलकर राजवंश का गौरवशाली इतिहास भी लिखा। उन्होंने अपने जीवन काल में कटक से अटक तक के 52 युद्ध एक साथ ही जीते।

## यातायात को बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय कॉमन मोबिलिटी कार्ड लागू करने की तैयारी

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में यातायात को बेहतर बनाने के लिए एआईसीटीएसएल और एमपीएमआरसीएल ने मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट के एकीकरण को लेकर निगम परिसर में बैठक आयोजित की। बैठक में जोर दिया गया कि लोक परिवहन का उपयोग करने वाले यात्रियों को सिटी बस और मेट्रो सेवा में कनेक्टीविटी बनी रहे। इसके लिए राष्ट्रीय कॉमन मोबिलिटी कार्ड लागू करेंगे, ताकि एक ही कार्ड से सभी तरह की लोक परिवहन का उपयोग किया जा सके और खरीदारी भी की जा सकें।नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों के 500 मीटर के दायरे में पैदल चलने वालों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, उचित बस बे, पिक-अप व ड्रॉप-आफ पाइंट, साइकिल स्टैंड के लिए सभी स्टेशन पर पार्किंग के बनाई जाएगी। दूर-दराज के इलाकों से यात्रियों को जोड़ने के लिए फीडर बस नेटवर्क बढ़ाने की योजना है। इसके अलावा, इंदौर रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और आईएसबीटी टर्मिनल को आपस में जोड़ने पर काम किया जाएगा। राष्ट्रीय कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरूआत भी होगी, जिससे लोग परिवहन, पार्किंग और शापिंग जैसी सेवाओं में इसे इस्तेमाल कर सकेंगे। निगमायुक्त वर्मा ने बताया कि हम मल्टीमॉडल परिवहन को मजबूत करने के हर संभव तरीके तलाश रहे हैं, जिससे मेट्रो रेल को शहर की बस सेवा, आटो,ई-रिक्शा, टैक्सी और साइकिल कनेक्टिविटी से जोड़ा जा सके।

## नवलखा अग्रवाल संगठन का फाग महोत्सव आज मनेगा धूमधाम से

गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रवाल संगठन नवलखा क्षेत्र का फाग महोत्सव आज शुभकारज गार्डन पर धूमधाम से मनाया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल एवं महिला उपाध्यक्ष पिंकी गोयल ने बताया कि इस अवसर पर राधा-कृष्ण के भजनों के साथ ही भजन गायक शिव रावल एवं आशीष शर्मा भी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। फाग उत्सव के लिए गोविंद मित्तल, सुनील अग्रवाल एवं संजय बद्रुका संयोजक मनोनीत किए गए हैं। शनिवार को महोत्सव का पहला न्यौता खजराना मंदिर परिसर स्थित गणेश एवं दुर्गा मंदिर पर समर्पित किया गया। इस मौके पर पार्षद मृदुल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, राजू बंसल, बालमुकुंद अग्रवाल, मनीष बंसल, शगुन अग्रवाल, पूजा गोयल, सरिता अग्रवाल, पूनम गुप्ता, उर्मिला गर्ग, श्रद्धा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजबंधु मौजूद थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद इंदौर के बुद्धिजीवियों के साथ करेंगे बजट पर चर्चा

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जावरा कंपाउंड पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा की अध्यक्षता में सांसद महापौर एवं सभी विधायकों के साथ बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रम बजट पर चर्चा के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद 22 मार्च को ब्रिलिएंट कन्वेंशन में बुद्धिजीवियों के साथ बजट पर चर्चा करेंगे। साथ ही इंदौर में निवासरत बिहार के नागरिकों के साथ बिहार दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव,सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, महामंत्री सुधीर कोलहे उपस्थित थे। आगामी बजट पर चर्चा कार्यक्रम के लिए धीरज खंडेलवाल, राजेश बंसल पंप, डॉ दीप्ति सिंह हाड़ा एवं बिहार दिवस के लिए सुधीर कोलहे एवं राजेंद्र राठौर को जिम्मेदारी दी गई।

## गेर मार्ग पर निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर और अन्य अधिकारी

**इंदौर।** शहर में परम्परागत रूप से निकलने वाली रंगपंचमी की गेरों के आयोजन की तैयारियां जारी है। कलेक्टर ने शनिवार को अधिकारियों के दल के साथ गेर मार्ग का निरीक्षण किया। इंदौर में 19 मार्च रंगपंचमी के मौके पर रंगारंग गेर निकलेंगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर मार्ग के निरीक्षण की शुरुआत टोरी कार्नर चौराहे से की। इसके बाद वे तय गेर मार्गों पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कर दें। विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। विद्युत के तारों को आवश्यकता अनुसार ऊंचा करें। डीपी पर भी सुरक्षा के प्रबंध रखें। पूरे मार्ग पर सभी आवश्यक बंदोबस्त कर लिए जाए। कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। व्यवस्थाओं को समयसीमा में पूरा करें। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रखें जाए। कलेक्टर सिंह ने बताया कि पूरे मार्ग पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। बेरिकेटिंग की भी व्यवस्था रहेगी। आकस्मिक चिकित्सा के लिए भी प्रबंध किये जा रहे हैं।

## माहेश्वरी समाज की परंपरागत फाग यात्रा आज गुमाश्ता नगर में

गुड इवनिंग, इंदौर

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज के युगल, स्नेहीजनों एवं परिवारजनों सहित परंपरागत फाग यात्रा आज सांय 5 बजे से गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से प्रारंभ होकर नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71, गुमाश्ता नगर होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। यात्रा में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित शहर के लगभग सभी क्षेत्रों के माहेश्वरी बंधु, आदिवासी लोक नर्तक, फूलों की वर्षा करने वाली तोपगाड़ी, मांदल की थाप पर नृत्य करने वाले भगोरिया के आदिवासी दल, ऊंट गाड़ी के अलावा भजन एवं गरबा मंडल भी शामिल रहेंगे। इस दौरान, माहेश्वरी दम्पति पूरी मस्ती के साथ अलग-अलग वेशभूषा में फाग गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल होंगे।

माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रमुख संस्थापक प्रकाश-शारदा अजमेरा ने बताया कि माहेश्वरी समाज के युगलों की यह परंपरागत फाग यात्रा बाने की शक्ल में रविवार को राधाकृष्ण के फाग गीतों पर रंग-गुलाल एवं फूलों की वर्षा करते हुए संपन्न होगी। तोप से फूलों एवं गुलाल की वर्षा के बीच यह यात्रा पूरे क्षेत्र में नागरिकों का अभिवादन करते हुए अनेक आकर्षणों के साथ पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंचेगी। कार्यक्रम की दिव्यता को देखते हुए संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, श्रीमोहन सोमानी, श्याम भांगड़िया, रूपेश भूतड़ा, आशीष बाहेती एवं गोपाल राठी सहित अनेक समाजबंधु शामिल किए गए हैं। इसके पूर्व शहर के विभिन्न अंचलों से समाजबंधु अपरान्ह 4 बजे से मुकुट मांगलिक भवन पहुंचना शुरू हो जाएंगे, जहां स्वल्पाहार के पश्चात इस रंगारंग बाने का शुभारंभ होगा। बाने में अनेक समाजबंधु देवी-देवताओं, फकीर, राजा एवं अन्य स्वांग रचकर अनूठी वेशभूषा में शामिल होंगे।

## इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण छह माह लेट पिछले साल अगस्त में आई थी टीम

गुड इवनिंग, इंदौर

सात बार से लगातार सबसे साफ शहर का ताज बरकरार रखने वाले इंदौर को इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण टीम लंबा इंतजार करवा रही है। चार माह से इंदौर में सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने तैयारी कर रखी है, लेकिन अभी तक दिल्ली से टीम नहीं आई। इस बार सर्वेक्षण छह माह लेट हो गया है। पिछले साल अगस्त माह में इंदौर में सर्वे हो चुका था और जनवरी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग भी घोषित हो चुकी थी, लेकिन इस बार अभी तक सर्वेक्षण ही नहीं हो पाया है। देश के दूसरे शहरों में ऑनलाइन फीडबैक शुरू हो चुका है, लेकिन टीम किसी भी शहर में अब तक नहीं जा पाई है। पहले 15 मार्च तक सर्वेक्षण टीम आने के संकेत मिले थे, लेकिन अब मार्च के अंतिम सप्ताह तक इंदौर में सर्वेक्षण हो सकता है। वैसे भी इस बार इंदौर को प्रीमियर लीग में रखा गया है। यहां इंदौर का मुकाबला सूरत और नवी मुबंई से है। पिछले तीन वर्षों से कम से कम दो वर्षों में टॉपथ्री में आने वाले शहरों को इसमे जगह मिली है। इंदौर सात बार से पहले स्थान पर है, इसलिए इंदौर को सबसे पहले शामिल किया गया। इंदौर के अलावा 11 अन्य शहर भी स्वच्छता सुपर लीग में स्थान पा चुके हैं।

मेयर पुष्य मित्र भार्गव को इस बार भी स्वच्छता रैंकिंग में पहले स्थान पर रहने का पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि स्वच्छता का जनभागीदारी मॉडल इंदौर में सबसे मजबूत है। हमारी ताकत लोगों की जनभागीदारी है। लोग कचरा घरों और संस्थानों में संभालकर रखते है। उन्हें खुले में नहीं फेंकते। सुबह आने वाले कचरा वाहनों में ही उसे डाला जाता है। इस कारण सड़कें व परिसर लंबे समय तक साफ रहते हैं। शहर जीरो डस्टबीन सिटी है। इस कारण कचरा खुले में नजर नहीं आता। देश के दूसरे शहरों में कचरे के ढेर कई जगह नजर आते है। इस बार शहर को सुंदर बनाने पर भी जोर दिया है। वॉल पेटिंगों के अलावा शहर के उद्यानों में कचरे से सुंदर कलाकृतियां बनाई गई है।

## विधायक मेंदोला ने समर्पण निधि राशि का चेक सौंपा



**इंदौर।** भाजपा कार्यालय इंदौर पर समर्पण निधि अभियान के तहत इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-2 की ओर से विधायक रमेश मेंदोला ने 1 करोड़ 5 लाख रुपए की समर्पण निधि राशि का चेक अभियान प्रभारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी को प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़, पूर्व पार्षद भारत देशमुख जी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं का यह समर्पण हमारे संगठन की एकजुटता और राष्ट्रहित की भावना को और सशक्त करेगा।

## आज है विश्व खसरा दिवस, बच्चों को लगाए जाएंगे खसरे के टीके

**इंदौर।** हर साल की तरह 16 मार्च को विश्व खसरा दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य खसरे की गंभीरता को लेकर लोगों में जागरुकता फैलाना और खसरे के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएस सैत्या ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावको से अपील की है कि वह अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बच्चों को खसरा का टीका अवश्य लगवाए और अपने बच्चों को खसरा रोग से मुक्ति दिलाए। उन्होंने कहा कि खसरे का टीका लगवाने के लिए खुद जागरूक रहे तथा आसपास के लोगों को भी खसरा का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें जिससे भारत देश में खसरे रोग का उन्मूलन हो सकें।

## गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में 61 महिलाएं करेंगी गणगौर व्रत का उद्यापन

गुड इवनिंग, इंदौर



गोयल पारमार्थिक न्यास की मेजबानी में गणगौर महोत्सव में इस बार भी समाज की 61 महिलाओं के व्रत का उद्यापन होगा। यह कार्यक्रम सोमवार, 31 मार्च को राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर किया जाएगा। गणगौर मेले के रूप में इस अवसर पर विभिन्न स्पधाएं, उपहार वितरण, स्नेह भोज एवं अन्य स्पधाएं भी होंगी। ईसर-गोरा के रूप में सज-धजकर आने वाले महिलाओं के युगलों का सम्मान भी होगा। 16 दिवसीय गणगौर व्रत की शुरूआत शुक्रवार से हो गई है।

आयोजन प्रमुख श्रीमती कनकलता-प्रेमचंद गोयल, श्रीमती कृष्णा-विजय गोयल एवं सोनल-अजय अग्रवाल आलूवाले ने बताया कि प्रत्येक व्रतधारी महिला के साथ उनके पति, परिजन एवं अन्य मेहमानों को भी आमंत्रित किया जाएगा। 61 महिलाओं के रिश्तेदारों सहित इस महोत्सव में करीब 3 हजार समाजबंधु शामिल होंगे। कार्यक्रम की दिव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। इनमें सुनीता-अरुण आष्टावाले, आशा-एस.एन. गोयल, आशा-प्रमोद बिंदल, कल्पना-कैलाश नारायण बंसल, राधा-सतीश गुप्ता, विनीता-ब्रजकिशोर गोयल, जयंती-राजेश मित्तल एवं शुचिता-आशीष अग्रवाल सहित 11 युगलों की समिति गठित की गई है। उत्सव की रूपरेखा तैयार करने के लिए समिति की नियमित बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। सभी व्रतधारी महिलाओं के लिए आकर्षक उपहार की व्यवस्था भी की जा रही है।

सिंधी कालोनी में अलसुबह गूंजे सांई बाबा के जयकारे, आयोलाल-झूलेलाल से भी गूंजा क्षेत्र

## पालकी यात्रा पर हुई फूलों की वर्षा, जगह-जगह हुआ पूजन





गुड इवनिंग, इंदौर

शनिवार को सांई भक्तों ने बाबा की प्रभातफेरी सिंधी कालोनी क्षेत्र में निकाली। अलसुबह पहुंचे भक्तों ने बाबा का अभिषेक, पूजन कर महाआरती की। आरती के पश्चात बाबा की पालकी व प्रभातफेरी विभिन्न क्षेत्रों में निकली जहां मातृशक्तियों व भक्तों ने पालकी पर फूलों की वर्षा कर पूजन किया।

श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम पाठक एवं आयोजक हरीश ओटवानी व जगदीश मोरवानी ने बताया कि 26 दिवसीय सांई राम-महोत्सव के तृतीय दिवस पर सिंधी कालोनी क्षेत्र से निकली बाबा की प्रभातफेरी में आयोलाल-झूलेलाल के जयकारे भी गूंजे। जगह-जगह पालकी की अगवानी में क्षेत्रवासियों ने अपने घरों की मूंडेर पर दीपक रोशन किए एवं रंगोली सजाकर आतिशबाजी की। प्रभातफेरी में सांई भक्तों ने मनुहार यात्रा एवं 6 अप्रैल रामनवमी पर्व पर सुबह 5 बजे निकलने वाली बाबा की भव्य शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। शनिवार को निकली प्रभातफेरी रवि वर्मा, किशोर दौरकर, प्रदीप यादव, अशोक गायकवाड़, समीर जोशी, पिंकी भाटिया, आलोक खादीवाला, मोहन पाटीदार, ज्ञानेश्वर होलकर, पुरूषोतम सिंह, बल्लू राठौर, राजेश मोरवानी, लतिका चंद्राते, मिलिंद जोशी, विपिन जैन, संतोष भुसारी, लक्की वर्मा, प्रतीक अमेंरिया, राजू आगवाने, रितेश परमार गौरव व्यास, नितिन व्यास, महेश शाह, राहुल भंडारी, राहुल चौहान, विनय यादव, जयदीप फंसे सहित मातृशक्तियां व भक्त मौजूद थे।

**आज रामबाग पहुंचेंगे सांई भक्त**-श्री केंद्रीय सांई सेवा समिति धार्मिक एवं मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष गौतम सुरेंद्र पाठक एवं वीनिता पाठक ने बताया कि रविवार 16 मार्च को प्रातः 5.30 रामबाग क्षेत्र से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी में क्षेत्र के युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होंगे।

## शहर में मौसम का मिजाज बदला..



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। शहर में आज आसमान में सुबह से काले बादल छा गए। कुछ जगह हलकी बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि दोपहर होने से पहले मौसम साफ हो चुका था और हल्की गर्मी की तपन महसूस की गई।

कम खर्च में होगा इलाज

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज में खुलेगा आईवीएफ सेंटर

गुड इवनिंग, इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) सेंटर खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन ने 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेज दिया है। इसके शुरू होने से यहां निःसंतान दंपतियों को रियायती दरों पर इलाज मिल सकेगा।इसके लिए लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी। निजी अस्पतालों में आईवीएफ का खर्च 1.5 से तीन लाख रुपये तक आता है। इस सेंटर के शुरू होते ही उन सभी निःसंतान दंपतियों को फायदा होगा जो धनराशि के अभाव में निजी आईवीएफ सेंटर में उपचार नहीं करवा पाते हैं।सेंटर कॉलेज के अंतर्गत आने वाले एमटीएच अस्पताल में शुरू किया जाएगा। भोपाल से अनुमति मिलने के बाद इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि यह प्रदेश का पहला शासकीय अस्पताल होगा, जहां यह सुविधा मिलेगी।

**संभागभर के निःसंतान दंपतियों को मिलेगा लाभ-** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत आने वाले अस्पतालों में संभागभर से मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में इस सेंटर के खुलने से इंदौर के साथ ही संभाग के अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, धार आदि जिलों के मरीजों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

**तीन से चार महीने में शुरू हो जाएगा-** हमने मेडिकल कॉलेज के एमटीएच अस्पताल में आईवीएफ सेंटर खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे जो मरीज निजी क्षेत्र में महंगा इलाज नहीं ले पाते हैं, उन्हें सुविधा मिलेगी। उम्मीद है कि तीन से चार माह में यह शुरू हो जाएगा। - डॉ. अरविंद घनघोरिया, डीन, एमजीएम मेडिकल कॉलेज



### यह होता है आईवीएफ

विशेषज्ञों के मुताबिक आईवीएफ में पुरुष और महिला दोनों की जांच के बाद प्रक्रिया शुरू होती है। पुरुष के सक्रिय शुक्राणु अलग किए जाते हैं, जबकि महिला के अंडे इंजेक्शन से निकालकर लैब में फ्रीज किए जाते हैं।अंडों पर सक्रिय शुक्राणु रखकर प्राकृतिक रूप से फर्टिलाइजेशन किया जाता है। तीसरे दिन भ्रूण तैयार होने पर उसे महिला के गर्भाशय में कैथिटर के जरिये स्थानांतरित किया जाता है। आईवीएफ गर्भधारण की एक कृत्रिम प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया के माध्यम से पैदा हुए बच्चे को टेस्ट ट्यूब बेबी कहा जाता है। शहर में अभी निजी क्षेत्र में करीब 30 आईवीएफ सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग पहुंचते हैं। यह प्रक्रिया महंगी होने के कारण कई लोगों को निराश लौटना पड़ता है। सरकारी स्तर पर सेंटर के खुलने पर गरीब और जरूरतमंद निःसंतान दंपति को सीधा फायदा होगा।

## सांसों में तकलीफ, बुखार फिर निमोनिया, इंदौर में बढ़ रहे खतरनाक बुखार के मरीज

इंदौर। शहर में इन दिनों खतरनाक वायरल की चपेट में आ रहे है। एन्फ्लूएंजा-ए और एच-3, एन-2 से मिलते जुलते इस वायरल के लक्षण बुखार, सांसों में तकलीफ है। कई बार इससे निमोनिया भी मरीजों को हो रहा है और उन्हें अस्पताल में भर्ती तक होना पड़ रहा है। हर दिन अस्पतालों में 50 से 70 मरीज इस वायरल के इलाज के लिए आ रहे है। शहर के छाती रोग विशेषज्ञ रवि डोसी इस वायरल के खतरनाक होने की वजह मौसम का उतार-चढ़ाव बता रहे है। पहले गर्मी आई, फिर अचानक सर्दी बढ़ गई। इस तरह का मौसम वायरल के फैलाव के लिए अनुकूल होता है। इन दिनों लोग धार्मिक स्थलों पर भी काफी जाते हैं। कई मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है। पर्यटन के दौरान वे वायरल के चपेट में आ रहे है और फिर उनके संपर्क में आने के कारण दूसरे लोग व परिवारजन भी चपेट में आ रहे हैं। शहर में फैले वायरल की चपेट में आने वाले जिन मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उनके लिए यह बुखार जानलेवा साबित हो रहा है। सांसों में तकलीफ और निमोनिया के कारण कुछ मरीजों को आईसीयू में भी शिफ्ट करना पड़ रहा है। बच्चों और युवकों पर इस वायरल का ज्यादा असर नहीं दिखाई दे रहा है। डा. डोसी के अनुसार इस मौसम में यह वायरल तेजी से फैलता है। रोगी के संपर्क में आने यह फैलता है। सामान्य तौर पर कुछ लोगों को सिर्फ बुखार आता है, लेकिन कुछ मरीजों में बुखार के साथ दस्त, कमजोरी, गले में खराश और कफ के लक्षण भी देखे जा रहे हैं।

# निगमकर्मी पानी बेचते मिले तो होगी एफआईआर

महापौर बोले- 218 कुएं में लगेंगे हाइड्रेंट



गुड इवनिंग, इंदौर

रंग पंचमी और गर्मी को देखते हुए महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सिटी बस ऑफिस में बैठक ली। रंग पंचमी की गेर के बाद होने वाली विशेष सफाई अभियान को लेकर संसाधन और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए कहा है, ताकि समय पर पूरे रास्ते को साफ किया जा सके। उनका कहना है कि रंग पंचमी पर ऐसा विशेष सफाई अभियान चले कि लोगों में सफाई को लेकर जज्बा बना रहे और लोगों में स्वच्छता का संदेश जाए।

पतझड़ के मौसम में शहर से ज्यादा मात्रा में निकलने वाले ग्रीन वेस्ट को समयावधि में उठाने के साथ ही निपटान के संबंध में भी महापौर ने अधिकारियों को कहा गया है। गर्मी को देखते हुए उन्होंने कहा कि शहर में पानी सप्लाई की व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए शहर में मौजूद पानी की टंकियों को पर्याप्त मात्रा में भरा जाए, ताकि इस संबंध में कोई शिकायत न मिले। शहर में पानी की सप्लाई के दौरान आने वाली लीकेज की समस्या को तत्काल ठीक किया जाए व गंदे पानी की शिकायतों का भी दूर करें।महापौर ने कहा कि गर्मी के दौरान पानी की सप्लाई के काम में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या ना आए। लोगों तक पानी नहीं पहुंचने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदारी भी सुनिश्चित करें। नगर निगम के कर्मचारी या टैंकर चलाने वाले पानी बेचते पकड़ाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। इस बार निर्देश दिए हैं कि ऐसा कोई मामला इस बार सामने आता है तो उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

### 218 कुएं पर लगेंगे हाइड्रेंट

बैठक में बताया कि शहर में कुएं-बावड़ी की सफाई के बाद शहर में ऐसे 218 कुएं चिह्नांकित किए हैं। जिसका पानी पिया जा सकता है, उन पर गर्मी को देखते हुए हाइड्रेंट लगाकर पानी सप्लाय की व्यवस्था करने को कहा है। 324 कुएं-बावडी ऐसे भी हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में पीने योग्य पानी नहीं है।ऐसे पानी का उपयोग बगीचों की सिंचाई करने व विकास कामों में इस्तेमाल करने का कहा है। शहर में हो रहे विकास कामों और सिंचाई कामों में नर्मदा पानी के बजाय रीयूज ट्रीटेड वाटर का उपयोग करने के लिए कहा गया है। शहर में किसी भी अत्यावश्यक स्थिति को छोड़कर व बिना संज्ञान में लाए नए बोरिंग नहीं किए जाए।

## तीन हजार से ज्यादा लोकेशन में प्रॉपर्टी गाइडलाइन में बदलाव, 240 नई कॉलोनियां जुड़ीं

गुड इवनिंग, इंदौर

एक अप्रैल से कलेक्टर गाइडलाइन में बदलाव होने जा रहा है। पूरे जिले में 3226 लोकेशनों पर नई गाइडलाइन के हिसाब से पंजीयन होंगे। इस बदलाव से प्रॉपर्टी के कीमतों में भी वृद्धि होगी। पहले जुलाई में गाइडलाइन बढ़ने वाली थी, लेकिन उसे प्रदेश सरकार ने मंजूरी नहीं दी। कलेक्टर गाइडलाइन में 240 नई कॉलोनियां भी जुड़ी है।पंजीयन विभाग ने सालभर हुए सौदों का आकलन करते हुए उन इलाकों को चुना है, जहां कलेक्टर गाइडलाइन में बदलाव किया गया। शनिवार को जिला मूल्याकंन समिति की बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई। इंदौर में कुल4680 लोकेशन है। जिसमें से समिति ने इंदौर के 3226 लोकेशनों पर प्रॉपर्टी गाइड लाइन बढ़ाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इनमें ज्यादातर इलाके बाइपास और शहरी सीमा से सटे हुए है, जो नगर निगम सीमा में शामिल हो चुके हैं। नई कॉलोनियों और टाउनशिपों में पिछले साल नगर निगम ने भी संपत्तिकर बढ़ाया है। इन इलाकों में दस से लेकर पचास प्रतिशत तक प्रॉपर्टी गाइड लाइन में इजाफा होगा। जिन क्षेत्रों में सालभर में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री हुई और वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन से ज्यादा कीमत पर सौदे हुए।जमीनों के भाव में सबसे ज्यादा तेजी खंडवा रोड के आसपास के क्षेत्रों में देखी गई,क्योकि यहां छहलेन मार्ग हो रहा है।

**3226 लोकेशनों पर वृद्धि-** पंजीयन के कार्यालय इंदौर एक में 531,इंदौर दो में 596, इंदौर तीन में 658, इंदौर चार में 425, महू में 429, सांवेर में 348,देपालपुर में 329 लोकेशनो पर गाइड लाइन बदली है। अब समिति के इस प्रस्ताव को प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा।

10 करोड़ रुपए की चपत लगने का आरोप लगाया

# बीआरटीएस पर यूनिपोल और डिवाइडर पर लगे लालीपाप के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोला

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर और बीआरटीएस पर लगे यूनिपोल व सड़क के बीच डिवाइडर पर लगे लॉलीपॉप को लेकर मोर्चा नगर निगम में विपक्ष यानी कांग्रेस ने खोला है। इसके साथ ही अफसरों और ठेकेदारों की सांठगांठ से निगम को 10 करोड़ रुपए की चपत लगने का आरोप लगाया गया है । यूनिपोल और लॉलीपॉप की अनुमति देने और ठेका समाप्त होने के बाद भी एक साल इन्हें लगे रहने देने की गड़बड़ी को उजागर किया गया है। निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि एआइसीटीएसएल ने बीआरटीएस कॉरिडोर पर यूनिपोल, लॉलीपॉप और बस स्टॉप प्रचार-प्रसार करने का ठेका 1 मार्च 2019 को 5 वर्ष के लिए दिया था। यह ठेका जयपुर की कंपनी एनएस पब्लिसिटी को दिया गया। यह ठेका मार्च 2024 को पूरा हो गया है। बावजूद इसके सिटी बस कंपनी और निगम मार्केट विभाग के अफसरों की मिलीभगत से पिछले 1 साल से यह कंपनी बिना किसी बाधा के अपने बोर्ड और प्रचार सामग्री इन सभी स्थानों पर लगा रही है। यह सामग्री लगाने का इस कंपनी का शुल्क 10 करोड़ रुपए होता है जो कि निगम में नहीं चुकाया गया है। सिटी बस कंपनी के अफसरों ने ठेकेदार कंपनी को उपकृत करने के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर पर सड़क के बीच में, सड़क के किनारे और फुटपाथ जैसे स्थानों पर यूनिपोल लगाने की अनुमति दे रखी है जो कि राज्य शासन के निर्देश और नीति का खुला उल्लंघन है।

**दोषियों पर करेंगे कार्रवाई-** निगम राजस्व विभाग के प्रभारी निरंजन सिंह चौहान का कहना है कि नेता प्रतिपक्ष ने जो आरोप लगाए उसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। बीआरटीएस पर यूनिपोल और लॉलीपॉप लगाने का ठेका एआइसीटीएसएल से हुआ है। निगम मार्केट विभाग का इससे कुछ लेना-देना नहीं है।



### महापौर से आग्रह है जांच कराकर दें लोकायुक्त में

नेता प्रतिपक्ष चौकसे ने आरोप लगाया कि भंवरकुआं चौराहे पर फ्लाय ओवर बनने के बाद वहां पर बीआरटीएस कॉरिडोर की लगी हुई जालियों को निकाल कर ठेकेदार एजेंसी ले गई। इसके पहले भी यह एजेंसी निरंजनपुर चौराहे से सत्य साई चौराहे तक ब्रिज का निर्माण शुरू होने के कारण वहां की भी जालियां निकालकर ले गई हैं। इस एजेंसी द्वारा सरकारी संपत्ति भी हड़प ली गई है। जिम्मेदार अफसर मुंह देख रहे हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए नेता प्रतिपक्ष चौकसे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से आग्रह किया है कि वे खुद इस घोटाले की जांचकर लोकायुक्त में शिकायत करें। साथ ही इस घोटाले में लिप्त एआइसीटीएसएल के अफसरों को तत्काल इस जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए।

## पचास हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे ओंकारेश्वर




फोटो : गुड इवनिंग

भोपाल/ओंकारेश्वर। धुलेडी के दूसरे दिन शनिवार को 50 हजार से अधिक भक्त ओंकारेश्वर पहुंचे और ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर जी के दर्शन किए। हजारों लोगों ने पवित्र नर्मदा नदी में स्नान भी किया। ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिए प्राचीन मंदिरों के दर्शन किए। प्रातः मंदिर खुलने के बाद ही भक्तों की लाइन लगना शुरू हो गई थी। 12 बजे मध्य में भोग के बाद 1 बजे से दोनों पुलों पर काफी लंबी लाइन लग गई थी वर्तमान में ऑफलाइन टिकट की व्यवस्था बंद है ऑनलाइन टिकट के द्वारा ही दर्शन कराए जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को ऑनलाइन टिकट की साइड भी बंद कर दी जाती है। भक्तों ने मांग की है कि सातों दिन ऑनलाइन टिकट की व्यवस्था चालू रहना चाहिए। प्रशासन के पुख्ता प्रबंध थे। पार्किंग शुल्क के नाम पर ठेकेदार द्वारा रोड पर हीं शुल्क वसूला जाता है जो नियम शर्तो का उलंघन है। वही पवन डोंगरे ने बताया की ममलेश्वर मार्ग पर रोड किनारे वाहन खड़े करके उनसे 200 रुपए वसूले जा रहा है जिस से जाम की स्थिति बन गई है संबंधित विभाग नगर परिषद को ध्यान देना चाहिए।

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, हजारों समर्थकों ने एकत्रित होकर जताया विरोध

# मंत्री विजय शाह को जान से मारने की धमकी



**गुड इवनिंग, भोपाल/खंडवा**

हरसूद-खालवा क्षेत्र के विधायक और मध्यप्रदेश सरकार में जनजाति कल्याण मंत्री विजय शाह और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी मिली है।

जानकारी के मुताबिक रजूर के निवासी आरोपी मुकेश दरबार ने लोगों को फोन करके भी कहा है कि मंत्री को बता दें, उन्हें दो-तीन दिन और जिंदा रहना है। फेसबुक और सोशल मीडिया पर भी धमकी दी गई थी। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस घटना के बाद तुरंत पुलिस ने एसपी मनोज शाह के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। इधर, विजय शाह के हजारों समर्थक आशापुर एकत्रित हुए और अपराधी के खिलाफ आक्रोश जताया किया। कलेक्टर, एसपी खुद घटनाक्रम पर निगरानी रखे हुए हैं। विजय शाह को धमकी की खबर लगते ही पूरे क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता जोगीबेड़ा वेयरहाउस पर एकत्रित होने लगे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी जनप्रतिनिधि को इस तरह धमकी के मामले में पुलिस और प्रशासन कड़क कार्रवाई करें। हरसूद जाकर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन भी किया। सब कुछ सामान्य तरीके से किया गया, लेकिन आक्रोश काफी अधिक दिखा।

**घटना पर विजय शाह बोले-** घटना के बाद मंत्री विजय शाह क्षेत्र की जनता के बीच उपस्थित हुए। शाह ने धमकी के बावजूद अपने ही लहजे में जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र से मुझे धमकी मिली है। मैं आ भी गया हूं। तुमने पुकारा और हम चले आए, की तर्ज पर मैं आ भी गया हूं। विजय शाह के पुत्र दिव्यादित्य शाह के खिलाफ चुनाव लड़ा था और हार गए थे, दरबार ने अपने वीडियो ऑडियो में कहा कि मुझ पर केस चल रहे हैं और बार-बार पेशी पर जाना पड़ रहा है मैं परेशान हो रहा हूं इसलिए मै दो-तीन दिनों में मंत्री विजय शाह को जान से मार दूंगा।

**मंत्री की सुरक्षा बढ़ाई**-विजय शाह के खंडवा स्थित सरकारी बंगला और अन्य स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बढा दी गई है। इस घटना से आक्रोशित विजय शाह के समर्थकों ने आशापुर के पास जोगीबेड़ा में शनिवार को सुबह से ही एकत्रित होना शुरू कर दिया। घटना के पहले ही शुक्रवार रात को कलेक्टर और एसपी, विजय शाह के बंगले पर पहुंचे। उनसे निवेदन किया कि किसी तरह उनके समर्थकों को रोकें। विजय शाह ने कहा कि मैं कुछ नहीं कह रहा, लेकिन समर्थकों में आक्रोश है, जो धीरे से शांत हो जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि राजस्थान के सवाई माधोपुर में मिला आरोपी मुकेश दरबार, एनएसए की भी कार्रवाई मोहन यादव के कैबिनेट मंत्री विजय शाह को धमकी की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने भी की है। उन्होंने कहा कि घटना 13 मार्च की है। जिले के हरसूद थाने में आरोपी मुकेश दरबार के खिलाफ एनएसए में भी प्रकरण दर्ज किया गया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर शहर के पास से उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी द्वारा मंत्री विजय शाह को अश्लील मैसेज और कई लोगों को कॉल कर मंत्री को धमकी दी गई थी। राय ने कहा कि मंत्री की सुरक्षा पहले से ही है लेकिन घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है।



उधर, एसडीओपी हरसूद लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में निरीक्षक विजय वर्मा के नेतृत्व में तत्काल सायबर एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित की जाकर सायबर की टीम की मदद से सर्चिंग कर आरोपी मुकेश पिता काशीराम दरबार उम्र-40 वर्ष, निवासी सेक्टर नम्बर 6 हरसूद, थाना हरसूद, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक विजय वर्मा, उनि राजू पाटील, सउनि नाना पाटीदार,प्रआर रंजीत, आर रघुवीर, आर उमेश, चालक सूरज सायबर प्रभारी गायत्री सोनी एव टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# मूंदी में मां नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने दादा गुरूजी की कुटिया का किया शुभारंभ



**गुड इवनिंग, भोपाल/खंडवा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा ज़िले के मूँदी में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में सम्मलित हुए। उन्होंने यात्रा में शामिल होकर दादा गुरूजी से नर्मदा संरक्षण पर चर्चा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मूंदी में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल के निवास पर अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी के ठहरने के लिए बनाई गई कुटिया का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा से लौटते समय स्थानीय रेस्टोरेंट में रूककर चाय भी पी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मूंदी आगमन पर आमजन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री श्री लखन पटेल, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल,खंडवा विधायक श्री कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, संभागायुक्त इंदौर श्री दीपक सिंह,आईजी श्री अनुराग,डीआईजी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज राय सहित विभिन्न जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

## तीन रिश्तेदारों की मौत, होली के बाद घर लौटने की तैयारी

**भोपाल।** रीवा में होली के जश्न के दौरान दुखद खबर की सूचना मिली। शुक्रवार दोपहर को मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक कार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। सभी पीड़ित एक-दूसरे के रिश्तेदार थे और कटरा से गढ़ थाना क्षेत्र में स्थित अपने पैतृक गांव गंभीरपुर लौट रहे थे। होली के त्यौहार के बाद घर लौटने के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण यात्रा त्रासदी में बदल गई। सभी लोग कार में वे सवार थे, वह पुल से नीचे गिर गई। गढ़ थाने के प्रभारी ने आईएएनएस को फोन पर बताया कि यह घटना दोपहर करीब तीन बजे हुई, जब तीन लोगों को ले जा रही एक कार अगदल पुल से नीचे गिर गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों द्वारा दुर्घटना के बारे में सूचना दिए जाने के बाद वाहन का पता चला। आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं और पीड़ितों को तुरंत पास के गंगेव सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की है कि तीनों पीड़ितों की पहचान कर ली गई है।

# पिकअप चालक ने युवक को 200 मीटर घसीटकर ले ली जान

**गुड इवनिंग, भोपाल**

भोपाल के अशोक गार्डन थाना क्षेत्र में शुक्रवार को होली खेलने के दौरान सड़क पर होली खेल रहे कुछ युवकों ने एक लोडिंग पिकअप वाहन चालक के ऊपर रंग डाल दिया। पिकअप वाहन चालक गाली देते हुए आगे बढ़ने लगा तो तीन युवकों ने उसे गाली देते हुए खदेड़ लिया। इतने में दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

विवाद के बाद चालक ने पिकअप को आगे बढ़ा दिया, जिसकी चपेट में एक युवक आ गया और करीब 200 मीटर तक वह चक्के के नीचे दबकर घिसटता चला गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



अशोका गार्डन पुलिस के अनुसार, शैलेंद्र सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह (27) सुभाष कॉलोनी आशोका गार्डन में रहता था और फर्नीचर शोरूम में काम करता था। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह अपने दोस्तों के साथ औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन स्थित रुचि कलारी के पास रुचि रेस्टारेंट के सामने सड़क पर होली खेल रहा था। सभी दोस्त यहां डांस कर रहे थे। इसी दौरान एक लोडिंग वाहन मौके से निकला, जिस पर युवकों ने रंग डाल दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद वाहन चालक ने पिकअप को आगे बढ़ाया तो बाकी दोस्त इधर-उधर हो गए, लेकिन शैलेंद्र लोडिंग वाहन के आगे के पहिए की चपेट में आ गया। पहिए और बॉडी के बीच फंसा शैलेंद्र करीब 200 मीटर तक घिसटता चला गया। दो सौ मीटर बाद जब ब्रेकर पर वाहन की रफ्तार कम हुई, तब जाकर शैलेंद्र सड़क पर गिरा और लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल ले गए।

### इनका कहना है

लोडिंग पिकअप द्वारा शैलेंद्र नाम के युवक को कुचलने का मामला सामने आया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंलागे जा रहे हैं। अगर फुटेज में जबरन वाहन चढ़ाने का मामला सामने आता है तो हिट एंड रन का प्रकरण बनाया जाएगा।

**-हेमंत श्रीवास्तव,** थाना प्रभारी, अशोका गार्डन, भोपाल

### भोपाल से उड़ान शुरू करेगी एयर इंडिया की सहयोगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस

# भोपाल से बंद होगी प्रयागराज, जयपुर और गोवा की उड़ानें

**गुड इवनिंग, भोपाल**

अप्रैल माह से लागू हो रहे समर शेड्यूल से पहले ही भोपाल से प्रयागराज, जयपुर एवं गोवा उड़ान अस्थाई रूप से बंद हो रही है। भोपाल से रायपुर एवं हैदराबाद तक अतिरिक्त उड़ानें शुरू होंगी। कुछ उड़ानों के समय में मामूली परिवर्तन होगा।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज उड़ान में सीटें नहीं मिल पा रही थीं। अब कंपनी को यात्री नहीं मिल पा रहे हैं।

इंडिगो ने इस रूट पर संचालित उड़ान की बुकिंग 30 मार्च एवं इसके बाद की तारीखों में नहीं हो रही है।

गोवा रूट भी इसी दिन से उड़ान बंद होगी। जयपुर एयरपोर्ट पर रन वे विस्तार का काम शुरू होने के कारण भोपाल से जयपुर के बीच संचालित उड़ान स्थाई रूप से बंद होगी। एयरपोर्ट अथारिटी ने उम्मीद व्यक्त की है कि समर शेड्यूल के बीच में यह तीनों उड़ानें फिर से शुरू होंगी। समर शेड्यूल अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लागू होता है। भोपाल से रायपुर तक हवाई यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते इंडिगो ने इस रूट पर अतिरिक्त उड़ान शुरू करने की तैयारी की है। वर्तमान में रायपुर तक एक ही उड़ान है। 30 मार्च से दो उड़ानें हो जाएंगी। प्रस्तावित उड़ान संख्या 6-ई 7149 सुबह 9.40 बजे भोपाल से रवाना होगी। सुबह 11.10 बजे यह रायपुर पहुंचेगी।




**30 से शुरू होगी हैदराबाद रूट की तीसरी उड़ान-** हैदराबाद रूट पर तीसरी उड़ान 30 मार्च से प्रारंभ होगी। प्रस्तावित उड़ान संख्या 6-ई 7595 शाम 6.55 बजे भोपाल से टेक ऑफ होगी। रात्रि नौ बजे यह उड़ान हैदराबाद में लैंड होगी। तीसरी उड़ान शुरू होने से भोपाल का दक्षिण भारत से हवाई कनेक्शन मजबूत हो जाएगा। हालांकि यात्री लंबे समय से तिरूपति तक सीधी उड़ान की मांग कर रहे थे। फिलहाल तिरूपति जाने वाले श्रद्धालुओं को वाया हैदराबाद ही जाना होगा।

उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र में हादसा, बाइक से घर जा रहा किसान

# हार्वेस्टर मशीन से टकराया किसान कटकर धड़ से अलग हो गई गर्दन

गुड इवनिंग, उज्जैन

उज्जैन जिले के बड़नगर थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक हादसा हुआ। बाइक से घर लौट रहे किसान का सिर थ्रेसर में फंसकर गर्दन समेत अलग हो गया। किसान का धड़ सड़क पर गिर गया और सिर थ्रेसर मशीन में फंसा था। सूचना पर बड़नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन जिला चिकित्सालय भेजा। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



बड़नगर पुलिस के अनुसार, किसान कल्याण सिंह बाइक से बड़नगर होते हुए अपने गांव जा रहा था। उसके साथ बाइक पर गांव का ही एक अन्य युवक भी सवार था। दोनों लोहाना कुटी पहुंचे तो उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क पर आगे चल रही हार्वेस्टर मशीन से टकरा गई। हादसे में कल्याण का शरीर मशीन में फंस गया और उसकी गर्दन थ्रेसर में फंस गई। कुछ देर में सिर और धड़ अलग-अलग हो गए। इस दर्दनाक घटना को देखकर वहां से गुजर रहे लोग सहम गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक किसान के सिर और धड़ को अलग-अलग रखा और पोस्टमार्टम के लिए उज्जैन जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस दौरान किसी ने मृतक का सिर एंबुलेंस में रखने का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग भी इस हादसे से सहमे हुए हैं। उनका कहना है कि इससे पहले थ्रेसर मशीन से टकराने के कारण ऐसा हादसा होते न देखा और न कभी सुना।

### पुलिस कर रही जांच

इधर, बड़नगर थाना पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह थ्रेसर मशीन किसकी है और इसे कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस थ्रेसर मशीन मालिक की जानकारी निकाल रही है।

## बस की टक्कर से गंभीर घायल छात्रा की मौत



गुड इवनिंग, देवास

इंदौर-देवास के बीच अन्धाधुन्ध रफ्तार से दौड़ लगाती बस की टक्कर से गंभीर घायल एमबीबीएस छात्रा रीना ठाकुर को नहीं बचाया जा सका। रीना ने इंदौर के बाम्बे अस्पताल में आखिरी सांस ली। अंतिम यात्रा के समय लोगों ने एबी रोड पर चक्काजाम कर प्रशासन से मांग की कि निर्धन परिवार की रीना के परिजनों को आर्थिक मदद की जाये, प्रशासन निरंकुश बसों की रफ्तार पर अंकुश लगाएं। इंदौर देवास मार्ग पर जब रीना स्कूटी से कहीं जा रही थी तभी फिर एबी रोड ब्रिज के नजदीक दुर्घटना का एबी रोड पर जिस ब्रिज के मुहाने पर यह दुर्घटना हुई वह लगातार दुर्घटनाओं के कारण प्रशासन ने इन दिनों बंद कर रखा है और उस पर डिवाइडर बनाने का काम जारी है। जवाहर नगर निवासी रीना ठाकुर एमबीबीएस की चौथे वर्ष की छात्रा थी। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल रीना को मुंबई हॉस्पिटल इंदौर में भर्ती किया गया था लेकिन सभी प्रयासों के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका और आज सुबह उनका निधन हो गया। इंदौर देवास के बीच अन्धाधुन्ध रफ्तार से दौड़ लगाती निजी बसों के बारे में,उनमें यातनादायक यात्रा करते यात्रियों की परेशानी के बारे में लगातार मीडिया में खबरें सामने आने के बाद भी इनकी निरंकुश रफ्तार पर और बसो के ड्रायवर कंडक्टर पर न तो पुलिस कुछ कर पा रही है और न ही परिवहन विभाग। आये दिन होने वालीं दुर्घटना और हादसों के बाद दिखावे की कार्यवाही के बाद सबकुछ पहले जैसा चलता रहता है।

**Saort News**

## बाग के स्कूल में कक्षा 9वीं और 11वीं के परीक्षा परिणाम घोषित




**बाग।** नगर में 15 मार्च को सीएम राइस स्कूल बाग का स्थानीय वार्षिक परीक्षा 2025 परिणाम को जिला शिक्षाधिकारी लक्ष्मण देवडा द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 11 वीं का परीक्षा परिणाम 93.68 प्रतिशत और कक्षा 9वी का परीक्षा परिणाम 83.33प्रतिशत रहा। इस अवसर पर देवडा और प्राचार्य डी एस बघेल ने सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा अध्यापक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बाग थाने में पुलिस परिवार ने मनाई होली

बाग। धुलेंडी के दूसरे दिन शनिवार को बाग पुलिस थाने में होली खेली गई। नकार्यक्रम में विशेष रूप से ढोल-मांदल की व्यवस्था की गई। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। ढोल की थाप पर सभी ने जमकर नृत्य किया। थाना प्रभारी कैलाश चौहान ने कहा कि पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार लोगों ने शांति पूर्वक त्योहार मनाया। पुलिस कर्मियों को खुद त्योहार मनाने का मौका कम ही मिलता है।

## वृद्धजनों को होली पर मिले कपड़े, मिठाई और अपनत्व

**धार।** होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बोली, उपहार तथा स्वीकार्यता का भी पर्व है। किसी भी पर्व पर वृद्धजनों का आशीर्वाद सबसे बड़ी सौगात है। आज वृद्धजनों के मध्य होली पर्व का आनंद दोगुना महसूस हो रहा है। ये विचार डीएसपी पुलिस आनंद तिवारी ने व्यक्त किए। तिवारी स्थानीय वृद्धाश्रम में होली मनाने पहुंचे। वृद्धजनों को मिठाई खिलाई, भोजन परोसा व वस्त्र भेंट किए। आश्रम परिसर का अवलोकन किया। वृद्धजनों ने बड़ी प्रसन्नता व्यक्त की। होली के पर्व की दोनों पक्षों ने यादें साझा की। आश्रम प्रबधन की ओर से जयंत जोशी, विद्या गुंजाल, रानी पंवार उपस्थित थे। सागर राठौर, प्रकाश खांडेकर, महेश पाटीदार ने अतिथि स्वागत किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।

## धार में आज स्कूली बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता

**धार।** इंटेक धार चैप्टर द्वारा विरासत शिक्षा एवं संचार प्रभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर रंगारंग भारत पेंटिंग प्रतियोगिता अंतर्गत कक्षा 7 वी से 9 वी तक के बच्चों के लिए निःशुल्क पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज यानी रविवार दोपहर 12.30 से 2.30 तक विक्रम ज्ञान मन्दिर लाल बाग परिसर धार में होगा। शासकीय अशासकीय किसी भी स्कूल के कक्षा 7वीं से कक्षा 9वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। इंटेक धार चैप्टर संयोजक डॉ. दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चों को देश के पर्यटन स्थल, देश के परम्परागत त्योहार आदि से जोड़ने के लिए रंगारंग भारत पेंटिंग प्रतियोगिता का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के माध्यम से हमारी संस्कृति, परम्पराओं को संरक्षित व जीवंत बनाएं रखने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता हो रही है। बच्चे 1 घण्टे में संस्था द्वारा दी शीट पर एक चित्र बनाएंगे व चित्र वर्णन 30 मिनट में लिखेंगे। कलर ब्रश बच्चे स्वयं लाएंगे। ड्राइंग शीट, स्वल्पाहार जैसी सामग्री इंटेक द्वारा प्रदान की जाएगी। बच्चों को आवश्यक पानी की बॉटल लेकर आना है। यह जानकारी कार्यशाला संयोजक व इंटेक आजीवन सदस्या भारती कराले ने दी।

सिंधी समाज का सामूहिक होली मिलन समारोह, 25 साल पुरानी परंपरा का किया निर्वाह

# सिंधी समाज की एकता एक मिसाल : कंचन तनवे

गुड इवनिंग, खंडवा

सिंधी समाज ने इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया। सिंधी समाज के सभी पुरुष एक ही स्थान पर एकत्र हुए और एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाया। इस मौके पर अतिथि विधायक कंचन तनवे ने कहा कि सिंधी समाज की एकता अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने समाज को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

सिंधी समाज के प्रवक्ता कमल नागपाल ने बताया कि विगत 25 वर्षों की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के



वरिष्ठजन के साथ-साथ खंडवा विधायक कंचन तनवे,पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर,महादेवगढ़ संरक्षक अशोक पालीवाल,पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश कोटवाले,पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल,धर्मेंद्र बजाज,दिनेश पालीवाल, आशीष राजपूत सहित अनेक विशिष्ट अतिथि भी शामिल हुए। द्वितीय सत्र में पूज्य सिंधी पंचायत के समस्त पदाधिकारी, सहयोगी सदस्य और समाज के गणमान्य समाजसेवी श्याम धाम पहुंचे जहां तीरथ धाम मंदिर के गादी नशीन महंत बाबा स्वरूपदास जी ने कहा कि सिंधी समाज के आने वाले बड़े त्यौहार चैत्रीचंद्र पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन कर एकता दिखाई जानी चाहिए। इसके बाद भजनों पर भक्त जमकर थिरके।

महादेवगढ़ संरक्षक अशोक पालीवाल ने कहा कि सनातन धर्म को सदैव समर्पित सिंधी समाज व्यवसाय के साथ साथ अब धर्म के क्षेत्र में भी अपना परचम फहरा रहा है।खुद जागने वाला समाज सभी को जगा रहा है।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष गेहीराम सीतलानी, कार्यवाहक अध्यक्ष नानकराम चंदवानी,उपाध्यक्ष मोहन दीवान,सचिव श्याम हेमवानी सहित अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों ने भी होली पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सिंधी समाज को बालक धाम के बाबा माधवदास उदासी, पंडित श्याम शर्मा आदि ने भी बधाई दी।सभी धार्मिक स्थलों पर मुंह मीठा करवा के बधाई दी गई और प्रसादी वितरित की गई। सिंधी समाज के उपाध्यक्ष मोहन दीवान, डॉक्टर जी एल हिंदूजा ने भी श्याम धाम में उपस्थित जनमानस को संबोधित किया।दूसरी ओर पदमनगर में भी सिंधी समाज द्वारा इसी प्रकार का आयोजन किया गया।श्री झूलेलाल मंदिर पदम नगर में समाज के वरिष्ठ एकत्र हुए और सामूहिक होली मिलन का आयोजन सुबह 9 बजे से 9.30 बजे तक किया। संचालन कमल नागपाल ने किया।

## 5 दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर 23 से

### लायंस व सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नक्षत्र गार्डन में होगा शिविर

गुड इवनिंग, खण्डवा

लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन कार्यशाला का आयोजन लायन्स भोजन सेवा केंद्र खण्डवा में किया गया, इस अवसर पर प्राकृतिक चिकित्सा के चिकित्सक योगाचार्य डीगम्बर पांडुले का स्वागत व सम्मान किया गया, नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष अणिमा उबेजा सचिव घनश्याम वाधवा कोषाध्यक्ष वसीम कुरैशी,झोंन चेयरपर्सन राजीव मालवीय व डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन नारायण बाहेती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सक योगाचार्य डीगम्बर पांडुले ने रोग मुक्त, दवा मुक्त और तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए वजन घटाने के सरल उपाय,ब्लड प्रेशर का कारण एवं उपाय,आहार विज्ञान,शरीर शुद्धि के लाभ,रोग क्यों होते है एवं समय से पहले ही रोगों से कैसे मुक्त रहा जाए।

**5 दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर-** योगाचार्य डीगम्बर पांडुले ने बताया कि 23 मार्च से 27 मार्च तक नक्षत्र गार्डन में लगने वाले 5 दिवसीय चिकित्सा शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नक्षत्र गार्डन



में अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रेरणा से ओषधि विहीन चिकित्सा से विभिन्न बीमारी का इलाज किया जावेगा। लोकेश स्वामी व अजय लाड़ ने कहा कि पूर्व में नवकार नगर में आयोजित शिविर में भाग लेने वालों को स्वास्थ्य में बहुत लाभ हुआ। समाजसेवी सुनील जैन ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा से हम हमारी बीमारी को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। लोकेश स्वामी व अजय लाड़ ने शिविर को बहु उपयोगी बताते हुए शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की।इस अवसर पर गांधी प्रसाद गदले,राजीव शर्मा,बी आर तिरोले,घनश्याम वाधवा,वसीम कुरैशी, सुरेंद्रसिंह सोलंकी ,नारायण बाहेती, सुनील जैन,विजय सोनी व समाजसेवियों ने लायन्स क्लब खण्डवा व सामाजिक संस्थाओं द्वारा पूर्ण सहयोग की बात कही।

## पार्षद ने सौंपा ज्ञापन, अतिक्रमण हटाकर सौन्दर्याकरण की मांग

**खंडवा।** सरकारी स्कूल के पास से अतिक्रमण हटाकर पौधे और जाली लगाकर सौन्दर्याकरण की मांग को लेकर पार्षद शाकीरा बिलाल वार्ड क्र. 14, घासपुरा ने नगर निगम उपयुक्त एस आर सीतौले को ज्ञापन सौंपौ। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड नंबर 14, घासपुरा, खण्डवा में गाड़ी डिस्पोजल करने वालों द्वारा स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास टूटी-फुटी गाड़िया पार्किंग की जाती है, अतिक्रमण से स्कूल के बच्चों को और पेरेण्ट्स को आने-जाने में दिक्कत होती है, आये दिन उनके द्वारा गेलेण्डर मशीन और गैस कटर गाड़ी काटी जाती है, जिससे स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है तथा किसी दिन बड़ा हादसा होने का अंदेशा है। स्कूल की बाउण्ड्री वॉल के पास, फुटपाथ के बाजू में कच्ची जगह है, जहाँ पर जाली लगाकर पौधे लगाये जायें। पंधाना मुख्य मार्ग अब्बास तैयब उर्दू स्कूल रोड के किनारे 05 फिट ब्लॉक लगे हैं, बाकी जगह खाली है, वहाँ पौधे लगाये जाएं और जाली लगाये जाए।

## सफाई कर्मचारी और दरोगा टीम का सम्मान



गुड इवनिंग, धार

नगर के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद प्रतिनिधि ने सफाई कर्मचारियों और दरोगा का सम्मान किया। यह वार्ड क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा है। इस वार्ड में नियमित सफाई का कार्य चलता है। कर्मचारियों की कमी के बावजूद दरोगा और उनकी टीम सक्रियता से पूरे वार्ड में सफाई अभियान में लगी रहती है। इस वार्ड में 10 बड़े मोहल्ले लगते हैं, 3 बड़े नाले भी है। इन्हीं के सफाई कार्य को लेकर क्षेत्रीय पार्षद शहनाज पटेल के प्रतिनिधि लियाकत पटेल ने सफाई कर्मचारियों, प्रभारी कुलदीप खोडे एवं दरोगा कासम खान का सम्मान किया। साथ ही नगर पालिका प्रशासन से 4 कर्मचारी बढ़ाए जाने की मांग की। पार्षद प्रतिनिधि लियाकत पटेल ने बताया कि वे आशा करते हैं कि सफाई अभियान निरंतर चलता रहेगा। बारिश आने के पहले वार्ड के तीन नाले एवं नालियों की सफाई एवं गाद निकालने का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

भगवान बाहुबली के महामस्तकाभिषेक से हुआ वार्षिक मेले का समापन

# हमारे पूर्वजों का अनुपम उपहार है तीर्थ सिद्धवरकूट

गुड इवनिंग, सनावद

दो चक्री दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की पावन निर्वाण स्थली सिद्ध क्षेत्र सुहावना सिद्धवरकूट में वार्षिक मेला महोत्सव मुनिश्री सुखसागर जी,अंतमुर्खी मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन, मण्डल विधान, भक्ति, आरती, प्रवचन के साथ भगवान बाहुबली के महामस्तकाभिषेक के साथ मेला का समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी सुनील जैन, प्रचार संयोजक कमेटी राजेन्द्र जैन महावीर ने बताया कि कि वार्षिक मेला अवसर पर निमाड-मालवा के साथ दिल्ली के समाजजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। अत्यंत उत्साह के साथ समाजजनों ने क्षेत्र पर हुए विकास की सराहना करते हुए सभी मंदिरों में हुए श्रेष्ठतम जीणोर्धार कार्य की प्रशंसा की।सभी धार्मिक क्रियाएं कमल जैन संगीतकार बड़वाह ने संपन्न कराई।



**तप-त्याग-संयम से जन्म लेते है तीर्थ और तीर्थंकर-** सिद्धवरकूट अहिंसा स्थम्भ से प्रारम्भ घट यात्रा आचार्य विद्यासागर प्रवचन हाल में प्रवचन सभा में बदल गई। सैकड़ों की संख्या में पधारे भक्त जनों से निमाड गौरव, अन्तमुखी मुनिश्री पूज्य सागर जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि तीर्थ हमारी संस्कृति का आधार स्तंभ हैं, इन्हें बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, तीर्थ और तीर्थकर त्याग-तप और संयम से जन्म लेते हैं। हमें बच्चों का जन्मदिन, विवाह वर्षगाँठ, पूर्वजों का स्मृति दिवस अन्य सभी शुभ कार्य तीर्थों पर आकर मनाना चाहिये, होटल में खुशी नहीं है भोजन की शुद्धता नहीं है। हमारे पूर्वजों ने सम्मेद शिखर, गिरनार, बावनगजा, पावागिरि ऊन सिद्धवरकर जैसे महान तीर्थ बनाकर हमें दिए हैं ,हमें यहाँ निरंतर आना चाहिये हमारे पूर्वजों का अनुपम उपहार हमारे तीर्थ है इन्हें व्हाट्सएप से नहीं प्रत्यक्ष उपस्थिति से ही बचाया जा सकता है।

### घटयात्रा विमानोत्सव के साथ किया ध्वजारोहण व महामस्तकाभिषेक

क्षेत्र के सदस्य सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार होली के अवसर पर दो दिवसीय मेले के समापन पर दोपहर को निकली घट ?यात्रा विमानोत्सव में महिला पुरुषों ने भक्ति नृत्य किए, मुनि श्री के पाद प्रक्षालन पंकज जटाले,अजय शाह, बेडिया,शास्त्र भेंट जैन बस सर्विस परिवार बड़वाह ने किया। तीर्थ क्षेत्र के मंदिरों पर ध्वजारोहण का सौभाग्य रीना बसंत जटाले बेडिया,विजय बसंतीलाल बिलाला इन्दौर, बाबूलाल - मीना जैन भीकनगांव, सुलभा पंकज काला, बाबूलाल कैलाश चंद जैन बस सर्विस बड़वाह, कमल गंगवाल इन्दौर, अशोक नंदलाल टोंग्या इन्दौर,शुभम गोधा बड़वानी ,शांतिलाल कासलीवाल भोखाखेड़ी राकेश कुमार जैन मामा दिल्ली, पहाड़िया परिवार इन्दौर आदि ने प्राप्त किया। भगवान बाहुबली जी का महामस्तकाभिषेक स्वर्ण व रजत कलशों से डा. सुभाष जैन खंडवा, बाबूलाल जैन भीकनगाँव, विकास कासलीवाल भीकनगाव, जीवन कुमार कुमार जैन इंदौर ,अशोक जैन इंदौर, आरिष चौधरी सनावद, इन्दरचंद्र जैन इंदौर, शांतिलाल कासलीवाल भोकाखेड़ी आदि ने प्राप्त किया। क्षेत्र कमेटी उपाध्यक्ष, संतोष मामा बड़?वाह, वर्किंग ट्रस्टी मेला संयोजक बाबूलाल जैन बड़?वाह , महामंत्री विजय काला आवास संयोजक अमरीश चौधरी ,ट्रस्टी आशीष चौधरी सनावद, सुभाष सामरिया बड़वाह प्रचार संयोजक राजेंद्र जैन महावीर,सुनील जैन, आदि ने सभी दान दातारों का स्वागत अभिनंदन किया। क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष अमित कुमार सिंह कासलीवाल इंदौर ने बताया कि क्षेत्र पर देश भर के दान दातारो का का सहयोग मिलता है, सिद्धवरकूट क्षेत्र पर आवास ,भोजन की सर्व सुविधा उपलब्ध हैं। इस अवसर पर जीणोर्धारित नवीन कमरों का लोकार्पण मुनि श्री के सान्निध्य में क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों ने किया।



# डॉ. सुनयना खन्ना

डॉ. सुनयना खन्ना, जिन्हें "संपूर्ण सटीक भविष्यवक्ता" के नाम से जाना जाता है, एक अद्वितीय ज्योतिष विज्ञान विशेषज्ञ हैं। उनकी "वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड" से सम्मानित पुस्तक "प्रेडिक्टोलॉजी" एक व्यापक मार्गदर्शिका है, जो हस्तरेखा विज्ञान, पश्चिमी और वैदिक ज्योतिष, पश्चिमी और वैदिक अंकशास्त्र, ओशो जेन और राइडर-वेइट टैरो, वास्तु, और लाल किताब के उपायों को शामिल करती है। यह पुस्तक अनोखे ढंग से इन नौ रहस्यमय विद्याओं को एक ही ग्रंथ में समाहित करती है।

PREDICTOLOGY ART OF MASTERING MYSTIC SCIENCES

# मूलांक 5 वाले नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिलने की संभावना

## साप्ताहिक अंक ज्योतिष राशिफल (जन्मतिथि के अनुसार 1-9) (16 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक)

### मूलांक 1 (जन्मतिथि: 1, 10, 19, 28)

**करियर:** इस सप्ताह कार्यस्थल पर आपकी प्रशंसा होगी और नए अवसर मिल सकते हैं। नेतृत्व क्षमता दिखाने का समय है।

**संबंध:** परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

**धन:** आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए निवेश करने से पहले अच्छी तरह सोचें।

**स्वास्थ्य:** सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन योग और ध्यान अपनाने से लाभ होगा।

### मूलांक 2 (जन्मतिथि: 2, 11, 20, 29)

**करियर:** कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम में सफलता मिलेगी।

**संबंध:** जीवनसाथी और परिवार के साथ समय बिताने से संबंध और मजबूत होंगे।

**धन:** धन की स्थिति में सुधार होगा। बचत पर ध्यान दें और अनावश्यक खर्चों से बचें।

**स्वास्थ्य:** मानसिक तनाव से बचने के लिए ध्यान और योग करें।

### मूलांक 3 (जन्मतिथि: 3, 12, 21, 30)

**करियर:** नौकरी और व्यापार में लाभ होगा। मेहनत के अनुरूप परिणाम मिलेंगे।

**संबंध:** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।

**धन** : इस सप्ताह आय बढ़ सकती है। निवेश से लाभ मिलने की संभावना है।

**स्वास्थ्य** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। खानपान में संतुलन बनाए रखें।

### मूलांक 4 (जन्मतिथि: 4, 13, 22, 31)

**करियर:** चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आपका परिश्रम रंग लाएगा। धैर्य बनाए रखें।

**संबंध** : संबंधों में संयम और समझदारी से काम लें। किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है।

**धन:** फिजूलखर्ची से बचें और बजट का ध्यान रखें। आर्थिक स्थिति स्थिर बनी रहेगी।

**स्वास्थ्य:** नियमित व्यायाम करें और सेहत का ध्यान रखें।



### मूलांक 5 (जन्मतिथि: 5, 14, 23)

**करियर:** बिजनेस में नए अवसर मिल सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिलने की संभावना है।

**संबंध:** दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताना लाभदायक रहेगा।

**धन** : धन संबंधी मामलों में सुधार होगा। निवेश से फायदा मिल सकता है।

**स्वास्थ्य** : यात्रा करने से मानसिक शांति मिलेगी। सेहत सामान्य रहेगी।

### मूलांक 6 (जन्मतिथि: 6, 15, 24)

**करियर:** इस सप्ताह आपको करियर में तरक्की मिल सकती है। नई योजनाओं पर काम करें।

**संबंध:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे।

**धन:** आय में वृद्धि के संकेत हैं। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**स्वास्थ्य:** स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। संतुलित आहार और योग अपनाएं।

### मूलांक 7 (जन्मतिथि: 7, 16, 25)

**करियर:** नई योजनाओं पर काम करने का अच्छा समय है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी।

**संबंध:** परिवार और मित्रों से सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी।

**धन:** आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। बचत की ओर ध्यान दें।

**स्वास्थ्य:** मानसिक शांति बनाए रखने के लिए ध्यान और प्राणायाम करें।

### मूलांक 8 (जन्मतिथि: 8, 17, 26)

**करियर:** मेहनत का पूरा परिणाम मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को सफलता मिल सकती है।

**संबंध:** संबंधों में सामंजस्य बना रहेगा। जीवनसाथी से प्रेम बढ़ेगा।

**धन:** आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। निवेश के लिए समय अनुकूल है।

**स्वास्थ्य:** स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन अत्यधिक परिश्रम से बचें।

### मूलांक 9 (जन्मतिथि: 9, 18, 27)

**करियर:** कार्यक्षेत्र में चुनौतियां आ सकती हैं, लेकिन आप सफलता प्राप्त करेंगे।

**संबंध:** संबंधों में सोच-समझकर निर्णय लें। किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है।

**धन:** धन की स्थिति सामान्य रहेगी। फिजूलखर्ची से बचें।

**स्वास्थ्य:** नियमित व्यायाम करें और अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें।

यह भविष्यवाणी सामान्य है, व्यक्तिगत प्रभाव कुंडली और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। अधिक सटीक जानकारी के लिए अपनी कुंडली के अनुसार ज्योतिषीय सलाह। संपर्क करें - 9899833661, 9406812962

support@predictolgist.com www.predictologist.com

## बिजनेस/देश-विदेश

# अमेरिका में बढ़े खसरे के मामले, दर्जनों मरीज अस्पताल में भर्ती

### सीडीसी ने जारी की चेतावनी, आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है संख्या

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में खसरे के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अमेरिका में इस साल अब तक खसरे के कुल 301 मामलों की पुष्टि हुई है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी अमेरिका के सीडीसी द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में दी गई है। खसरे के ये मामले 15 अलग-अलग अमेरिकी क्षेत्रों से सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 50 मरीजों को भर्ती कराया गया है, जबकि दो लोगों की मौत हो चुकी है। टेक्सास में जनवरी से खसरे के मामलों में तेजी देखी गई है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार तक 259 मामलों की पुष्टि हो चुकी थी, जिनमें से 34 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टेक्सास डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट हेल्थ




सर्विसेज ने चेतावनी जारी की है, जिसके मुताबिक अत्यधिक संक्रामक बीमारी खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसकी संख्या और बढ़ सकती है। बता दें कि खसरा एक अत्यधिक संक्रामक वायरल संक्रमण है, जो खांसने या छींकने से फैलता है। इसके सामान्य लक्षणों में बुखार, खांसी, नाक बहना, लाल आंखें और पूरे शरीर पर फैलने वाला दानेदार लाल चकत्ता शामिल हैं। गंभीर मामलों में खसरा निमोनिया, दिमाग में सूजन और यहां तक कि मौत का कारण भी बन सकता है।

सीडीसी ने कहा कि खसरे से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण है। एमएमआर (मीजल्स, मम्प्स, रूबेला) वैक्सीन की दो डोज इस बीमारी को रोकने में प्रभावी मानी जाती हैं। इसके अलावा यूरोप में भी 2024 में खसरे के मामलों में भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। वहां 1,27,350 मामले सामने आए थे, जो 2023 की तुलना में दोगुने हैं और 1997 के बाद सबसे ज्यादा थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय क्षेत्र में दुनिया के कुल खसरा मामलों का एक तिहाई दर्ज हुआ। इन 53 देशों वाले क्षेत्र (यूरोप) में रिपोर्ट किए गए कुल मामलों में से 40 फीसदी से ज्यादा पांच साल से कम उम्र के बच्चों में पाए गए। रिपोर्ट के मुताबिक खसरा संक्रमित आधे से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और अब तक 38 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 1997 में यूरोप में खसरे के 2,16,000 मामले दर्ज हुए थे, लेकिन 2016 तक यह संख्या घटकर 4,440 रह गई थी। हालांकि, 2018 और 2019 में इसमें फिर वृद्धि हुई और 89,000 और 1,06,000 मामले दर्ज किए गए।

# फाक्सवैगन की आईडी.एव्हरी 1 इलेक्ट्रिक कार होगी लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लग्जरी कार निमार्ता कंपनी फाक्सवैगन आईडी. एव्हरी 1 नामक नई इलेक्ट्रिक कार लाने की तैयारी में है। फाक्सवैगन ने हाल ही में इसका कॉन्सेप्ट वर्जन पेश किया था, और इसे 2027 तक बाजार में उतारने की योजना बनाई गई है। इसे कंपनी की अब तक की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार माना जा रहा है।

अनुमान के मुताबिक, इसकी शुरूआती कीमत लगभग 20,000 यूरो (लगभग 18.95 लाख रुपये) होगी, जिससे यह इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव ला सकती है। हालांकि कंपनी ने इसकी आधिकारिक कीमत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी कीमत 25,000 यूरो (लगभग 23.69 लाख रुपये) से कम होगी। आईडी. एव्हरी 1 में 95 पीएस इलेक्ट्रिक मोटर दी जाएगी, जिससे यह अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकेगी। इसकी



न्यूनतम रेंज 250 किलोमीटर होगी, जो दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त साबित होगी।

इसकी लंबाई 3,880 मिमी होगी, जो फाक्सवैगन के पुराने मॉडल जैसे यूपी! और पोलो के बीच में फिट बैठती है। इस कार का इंटीरियर भी मॉडर्न और प्रैक्टिकल होगा, जिसमें चार यात्रियों के बैठने की सुविधा के साथ 305-लीटर का लगेज स्पेस मिलेगा। कंपनी 2027 तक 9 नए मॉडल पेश करने की योजना बना रही है, जिनमें 4 नए ईवीएस शामिल होंगे। यह कार फाक्सवैगन के मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक ड्राइव प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी, जिसमें फ्रंट-व्हील ड्राइव कॉनफि गरेशन मिलेगा। इसी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल आईडी. 2ऑल और आईडी. जीटीआई कॉन्सेप्ट में भी किया गया है।

# चीन भले ही अमेरिका का दुश्मन हो पर चीनी हैं लेविट के दीवाने

### आत्मविश्वास भरे अंदाज ने उन्हें चीन में ऑनलाइन सेलिब्रिटी बनाया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच भले ही ट्रेड वॉर चल रहा हो, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने चीन के इंटरनेट यूजर्स के बीच लोकप्रियता हासिल की है। 27 साल की लेविट सबसे युवा प्रेस सचिव हैं और उनके आत्मविश्वास भरे अंदाज ने उन्हें चीन में ऑनलाइन सेलिब्रिटी बना दिया है।

लेविट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अमेरिकी पत्रकारों से तीखे सवालों का जवाब देती नजर आईं। चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें बोल्ड, स्मार्ट और प्रभावशाली महिला के रूप में सराहा जा रहा है। शेडोंग प्रांत के



एक यूजर ने लिखा कि उनकी वाकपटुता और शांत स्वभाव गजब का है। बिना दबाव में आए वह अपना काम बखूबी निभा रही हैं। एक अन्य ने कहा कि लेविट उन कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा हैं जो कार्यस्थल पर खुद को व्यक्त करने में हिचकिचाते हैं। मीडिया एक्सपर्ट के मुताबिक चीन में महिलाएं पारंपरिक रूप से परिवार पर ध्यान केंद्रित करती थीं, लेकिन अब वे अधिक स्वतंत्र हो रही हैं। इस वजह से लेविट जैसी आत्मनिर्भर और सशक्त महिला चीन की युवतियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। पत्रकारों के सवालों पर धारदार जवाब देने की उनकी शैली है। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके लुक्स और प्रोफेशनल एटिट्यूड की तारीफ की। चीन में कई महिलाएं पारंपरिक भूमिकाओं से बाहर निकलकर करियर पर ध्यान दे रही हैं और लेविट को एक आदर्श मान रही हैं। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चर के मुताबिक लेविट की लोकप्रियता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं है। उनकी कम उम्र, आत्मविश्वास और लुक्स भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# टेस्ला की लोकप्रिय कार मॉडल वाय हो सकता है आकर्षक विकल्प

**नई दिल्ली।** आजकल टेस्ला की भारत में एंट्री सबसे चर्चित विषयों में से एक है। टेस्ला की सबसे लोकप्रिय कारों में से एक मॉडल वाय भारतीय ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प हो सकता है। यह एक लंबी रेंज वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जो एक बार चार्ज होने पर 531 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। इसका परफॉर्मेंस वेरिएंट महज 3.5 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है। इसका विशाल केबिन, अडवांस ऑटो पायलट सिस्टम और टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क तक पहुंच इसे खास बनाते हैं। फोर्ड की मस्टैंग मच-ई भी भारतीय बाजार के लिए उपयुक्त हो सकती है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में 70 केडब्ल्यूएच से 91 केडब्ल्यूएच तक के बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 502 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान कर सकते हैं। इसका जीटी परफॉर्मेंस एडिशन 480 एचपी की दमदार पावर के साथ आता है और महज 3.5 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है।

# रवींद्र कर रहा था आईएसआई को खुफिया जानकारी लीक, एटीएस ने दबोचा

### मध्यप्रदेश का रहने वाला है आरोपी, हजरतपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री का है कर्मचारी

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने आगरा से आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। यह एजेंट जिसका नाम रवींद्र कुमार है वह पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था। वह फिरोजाबाद के हजरतपुर की आर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन के पद पर तैनात है। रवींद्र पाकिस्तान से ऑपरेट होने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दे रहा था।

रवींद्र काफी समय से खुफिया सूचनाएं लीक कर रहा था। एटीएस को इसके पास से कई अहम सबूत मिले हैं। वह आगरा में रहता है। मूल रूप से वह मध्य प्रदेश के शिवपुरी का रहने वाला है। रवींद्र कुमार फेसबुक के जरिए नेहा शर्मा नाम की महिला के संपर्क में आया। वह




ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय दस्तावेज आईएसआई के लिए काम करने वाली महिला को भेज रहा था। एटीएस को उसके मोबाइल से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की डेली रिपोर्ट मिली है। जिसमें ड्रोन, गगनयान प्रोजेक्ट व अन्य गोपनीय जानकारी, स्क्रीनिंग कमेटी का कॉन्फिडेंशियल लेटर मिला है। एडीजी एटीएस ने बताया कि नेहा शर्मा की आईडी पाकिस्तान से ऑपरेट हो रही थी। रवींद्र की गिरफ्तारी की सूचना उसकी पत्नी आरती को भी दे दी गई है। रवींद्र कुमार ने पूछताछ में बताया कि बीते साल जून-जुलाई में फेसबुक से नेहा शर्मा से दोस्ती हुई थी। पहले दोनों फेसबुक के मैसेंजर एप से बात करते रहे। धीरे-धीरे नेहा शर्मा से मोहब्बत की बातें होने लगी थी। बाद में नेहा ने वॉट्सऐप नम्बर शेयर किया। फिर वॉट्सऐप से बात होने लगी। रवींद्र ने कहा कि नेहा ने उससे कहा कि वह भारत के विदेश व रक्षा मंत्रालय की अहम गोपनीय सूचनाओं को इकट्ठा कर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को शेयर करती है। उसे इस काम के बदले में मोटी रकम मिलती है। अगर तुम मेरे साथ मिलकर काम करोगे तो मालामाल कर दूंगी। इसके बाद वह लालच में आ गया और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की कई महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारी नेहा को भेजने लगा।

नपाध्यक्ष बोले- रानी रूपमति मकबरे को बनाएगे पर्यटन स्थल

# दो सालों से रुके विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार बन रहे घाट, पार्कों का हो रहा सौंदर्यीकरण

गुड इवनिंग, सारंगपुर



**शहर में विस और लोस चुनाव के बाद नपा में हुई उठापटक के चलते ठप्प हुए विकास कार्यो ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ी है। नपा में सड़को, मुलभूत सुविधाएं और सौदर्यीकरण पर कार्य को शुरू किया है। इसको लेकर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल का कहना है कि हम कायाकल्य योजना में शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के साथ-साथ शहरवासियों को अच्छी सड़क और पेयजल उपलब्ध करा रहे है, ताकि लोगो के जीवन स्तर पर सुधार हो और विकास का लाभ आमजन को मिल सके।**

नपाध्यक्ष पालीवाल ने बताया कि नदी के किनारे पथ, उद्यान और बैठने की जगहें बनाई जा रही है। ताकि कपिलेश्वर मंदिर पर दर्शन करने वालो को सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि मंत्री महोदय के मार्गदर्शन में मौजूदा घाटों को बेहतर बनाने और उनकी मरम्मत करने के लिए योजनाएँ बनाई गई थी जिसे मुर्त रुप दे रहे है। जिससे वे सुरक्षित और सुलभ हो सकें। घाटों के पास स्थानीय संस्कृति और कला को प्रदर्शित करने के लिए कलाकृतियाँ और प्रदर्शन लगाए जाने के प्रयास करेंगे।

**पर्यटन को बढावा-** पालीवाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर में सौंदर्यीकरण करें ताकि यह के प्राचीन और पुरातात्विक स्थानो पर अधिक से अधिक पर्यटक पहुंचे और यह स्थल आकर्षक बनाने पर जोर दिया जा रहा है, जिससें स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

**शहर में चल रहे यह विकास कार्य-** गौरतलब है कि सारंगपुर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के विभिन्ना वार्डों में सीसी रोड, पेवर ब्लॉक एवं पार्क निर्माण, बदली पूरा हनुमान मंदिर कॉलोनी के विभिन्ना वाडों में लाखो की लागत से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य, गणेश विहार कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) मद अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्ना वार्डो में राशि 500 लाख के स्वीकृत सीसी रोड एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य एवं पार्क निर्माण कार्यो का विभिन्ना स्थानों पर भूमि पूजन प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथ्य में हो चुका है। शहर में लगभग 14 करोड रुपए की लागत से बिजली, पानी, सडकें सहित मूलभूत सुविधाओं का नागरिको को दी जा रही है। जिसके अन्तर्गत कायाकल्प योजना, अमृत 2.0 योजनांतर्गत जल प्रदाय योजना के तहत 07 करोड रुपये के कार्यों का एवं हरित क्षेत्र विकास योजनांतर्गत पार्क निर्माण का 30 लाख एवं रानी रुपमति तालाब का जीणोंद्वार 65 लाख रुपये व कायाकल्प द्वितीय चरण अंतर्गत करीब 120 लाख के विकास कार्य शामिल हैं।

### एक करोड़ 29 लाख से बनेगी महत्वपूर्ण सड़कें

नपाध्यक्ष ने चर्चा के दौरान बताया कि हमारे द्वारा शहर की मुख्य सड़को का निर्माण शासन की महत्वाकांक्षी कायाकल्प योजना के तहत 1 करोड 29 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 8, 11 और 16 में सीसी सड़क बनाई जा रही है।

### अमृत 2.0 योजना में चल रहे विकास कार्य

नपा द्वारा अमृत योजना 2.0 के तहत 65 लाख रुपये रानी रुपमति तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पाल(इम्बेक्टमेंट), पीचिंग वर्क, जेआई जाली से कवर्ड, किठोर-तलेनी नाले का पाइप डालने का कार्य, तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है।

# होली पर्व पर साधु-साध्वी भगवंत का संगम



गुड इवनिंग, बाग

महाभारत कालीन नगरी विराट नगर बाग में वर्तमान में जैन समाज के वरिष्ठ गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमदविजय जयानंद सुरीश्वरजी एवं उनके पट्टधर आचार्य श्री दिव्यानंद जी म.सा. आदी 12 ठाणा (संत) एवं आपश्री की आज्ञानुवर्ती साध्वी श्री मुक्तिलब्धियशा श्री जी आदी ठाणा 16 एवं दो दीक्षार्थी भाई यहां जैन भवन में विराजित है। प्रतिदिन प्रातः एवं रात्री को प्रतिक्रमण एवं व्याख्यान का क्रम निरंतर जारी है। शनिवार सुबह व्याख्यान में आचार्य दिव्यानंदजी ने समझाया की लाभ में लोभ है, हानि में अनुभव है।

किसी की प्रशंसा करना लोभ हे लेकिन उसके सुकार्यों की अनुमोदना करना धर्म है। जैन श्री संघ बाग के प्रतिनिधि श्री अरविंद जैन व चिंतन जैन ने बताया कि आचार्यश्री के दर्शन-वंदन करने के लिए प्रतिदिन बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाग आ रहे हे।

# पांच दिवसीय रंगारंग होली उत्सव में संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**सारंगपुर।** होली उत्सव को लेकर सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों के तहत गुरुवार रात्रि को पुराना बस स्टैंड स्थित बाल रूप हनुमान मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल तथा समिति अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा द्वारा बाबा बाल रूप हनुमान की पूजा अर्चना कर सुंदरकांड पाठ का विधिवत शुभारंभ किया। नगर की संस्था बाल रूप सुंदरकांड मंडल के गायक कलाकार आनंद जोशी, बालमुकुंद गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा, परमानंद जोशी, पंकज पुष्पद सहित अन्य गायक कलाकारों द्वारा भजनों की तर्ज पर सुंदरकांड पाठ किया। समिति द्वारा सभी कलाकारों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। समिति महामंत्री मानसिंह पाटीदार द्वारा सभी का आभार माना गया। इस दौरान महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, पर्यावरण प्रेमी लक्ष्मी नारायण त्रिकार, साहित्य परिषद अध्यक्ष सुशील व्यास, महेश पाटीदार, रामेश्वर पुष्पद, सतीश राठौर, विजय सोनी, सतीश मिश्रा, रवि राठौर सहित अन्य समिति सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान का पूर्णाहुति के साथ समापन

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ आयोजन



गुड इवनिंग, सारंगपुर

सिद्धों की आराधना करते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन शनिवार की बेला में हो गया शनिवार को प्रातः बाल ब्रह्मचारी अभिषेक भैया के निर्देशन में प्रातः बेला में श्री जी का अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजन किया गया नित्य नियम पूजन उपरांत विश्व शांति की कामना हेतु हवन पूणार्हुति की गई। हवन पूणार्हुति के उपरांत विधान के आयोजन कर्ता श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन समिती एंव समस्त इंद्र एंव इन्द्राणी के द्वारा मंडल पर विसर्जन किया।

बाल ब्रह्मचारी अभिषेक जैन भैया जी गडी वालों के निर्देशन में सिद्ध चक्र मंडल महाविद्यान एवं विश्व शांति महा यज्ञ प्रारंभ किया गया सर्वप्रथम तीन हवन कुंड बनाए गए प्रथम हवन कुंड गोलाकार, द्वितीय हवन कुंड चतुर्भुजकार, तृतीय कुंड त्रिभुजाका हवन कुंड बनाए गए। इन तीनों हवन कुंड पर प्रथम हवन कुंड पर सो धर्म इंद्र एकता पारस जैन, श्रीपाल कुसुम जैन, गुणधर मीना जैन, द्वितीय हवन कुंड पर मनोज जैन श्वेता, आशीश मनीषा जैन, तृतीय कुंड पर संजय साधना जैन, दीपक जैन, गीतेश जैन, विमलश्री जैन, सीमा जैन, हीरामणि जैन के द्वारा हवन में पूणार्हुति देकर भारत देश में शान्ति एंव सदभाव बना रहे ऐसी कामना की गई। हवन पूर्ण होने के बाद सभी पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के द्वारा बाल ब्रह्मचारी अभिषेक जैन भैया जी का बहुमान किया गया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष सुमत जैन, गुणधर जैन, कोषाध्यक्ष श्रीपाल जैन, सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विजय जैन के द्वारा भैया जी का शाल श्री फल से बहुमान किया गया। इसके पश्चात सो धर्म इंद्र पारस जैन का बहुमान किया गया साथ में पुजारी आनंद जोशी एवं धापूबई को भी सम्मानित किया गया। अंत में भैया जी के द्वारा भगवान के चरणों में विनती कर उनसे क्षमा याचना की गई कि हमारे द्वारा इन आठ दिवसों में कोई त्रुटि हुई हो तो क्षमा करें। संचालन एवं आभार पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के महामंत्री मनोज जैन के द्वारा किया गया। इसी के साथ अष्टदिवासी सिद्ध चक्रमंडल महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन हुआ। इस अवसर पर शक्ल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष विजय जैन, पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष सुमत जैन, कोशाध्यक्ष श्रीपाल जैन, गुणधर जैन, नरेंद्र जैन, अनिल जैन चक्की, अरुण जैन, डॉक्टर मगन जैन, जैनपाल जैन, शांतिलाल जैन मामा, अशोक जैन आदि उपस्थित थे।

कई समाजों ने गेर निकालकर दिवंगतों के परिवारों को डाला रंग गुलाल

# फूलमाली समाज ने डांडिया रास खेलकर किया गेर का समापन

गुड इवनिंग, सारंगपुर

शुक्रवार को नगर में धुलेंडी पर्व मनाया गया, जिसके तहत नगर में सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल, गौतम टेटवाल मित्र मंडल, राठौर समाज स्वर्णकार समाज, ब्राह्मण समाज, कतिया समाज, प्रजापत समाज, धनगर समाज, दर्जी समाज सहित विभिन्ना समाजों द्वारा टोली के रूप में निकालकर दिवंगत परिवारों में पहुंचकर रंग गुलाल डाला गया तथा एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### फूल माली समाज ने निकाली सामूहिक गैर

सकल पंच फूल माली समाज के तत्वाधान में सामूहिक गैर का आयोजन किया गया, जिसके तहत समाज के मोहल्ला बागकुआ टंकी, मुकेरवाडी, खारीया, भेरूदरवाजा, किडी, पछेटवाडी की पंचायत द्वारा ढोल धमाकों के साथ सभी मोहल्ले के समाज के दिवंगत परिवारों में पहुंचकर रंग गुलाल डालते हुए नाचते गाते हुए खरिया मोहल्ला पहुंचे। जहां खारीया पंचायत द्वारा सभी का फूल और गुलाल की वर्षा कर स्वागत किया। तथा फाग के गीत गाए गए। खारीया से ढोल धमाके के साथ होली के हुरियारो की सामूहिक गैर प्रारंभ हुई, जो कोलीवाडा, फकीरवाडा, गांधी चौक, सदर बाजार, महाकाल चौराहा, मुखर्जी चौक, तरुण चौराहा, जोशी दवाखाना होते हुए भेरू दरवाजा रोड स्थित होली स्थल पहुंची। जहां समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका के नेतृत्व में सभी समाज के युवाओं बुजुर्गों द्वारा चाचड (डांडिया रास) खेल कर सामूहिक गैर का समापन किया गया। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद, बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा, मुखेरवाडी पंचायत अध्यक्ष राजेश पुष्पद, भैरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद, खारिया पंचायत अध्यक्ष रवि पुष्पद, कीडी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद, पछेटवाडी पंचायत अध्यक्ष कैलाश पुष्पद भगत, वरिष्ठ समाज सेवी रामचरण पुष्पद, शिवचरण पुष्पद, दुर्गा प्रसाद पुष्पद, मांगीलाल पुष्पद, हीरालाल पुष्पद, मदनलाल पुष्पद, गोरीलाल पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद, अशोक पुष्पद, विनोद पुष्पद, मानसिंह पाटीदार, दुलीचंद पुष्पद सहित बडी संख्या में फूल माली समाज जन गैर में शामिल हुए।




### पुलिस की व्यवस्था रही चाक चोबंद

होली तथा धूलेंडी पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन में एसडीओपी अरविंद सिंह तथा थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में नगर के प्रमुख चौक चौराहा तथा सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं सामूहिक गैर में भी थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में पुलिस के जवान मोर्चा संभाले हुए चल रहे थे, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो।

संपादकीय

# ट्रंप के लिए अवसर कम और चुनौतियां ज्यादा

अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप चाह रहे हैं कि पूरी दुनियां उनकी सोच और समझ के हिसाब से ही चले। जो कि स्वयं अमेरिका में भी संभव नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका में ही अलग-अलग विचारधारा के लोग मौजूद हैं, जो हरगिज नहीं चाहेंगे कि उन पर ट्रंप की विचारधारा को थोपा जाए। रही बात विश्व पटल की तो इस पर काबिज होने के लिए ट्रंप लगातार सियासी और आर्थिक चालें चल रहे हैं। राष्ट्रपति बनते ही अपने उद्घाटन भाषण में, ट्रम्प ने विदेश नीति और व्यापार के लिए ह्लअमेरिका फर्स्टह्व का दृष्टिकोण दिया। इसे लेकर समझा गया कि ट्रंप अमेरिका के व्यापारिक घाटे को कम करने और गठबंधनों के भीतर बोझ साझा करने की दृष्टि के कारण ऐसा कह रहे हैं, लेकिन जब बात दुनियां के समझ में आई तो सभी ने यह कह दिया कि जैसे ट्रंप के लिए अमेरिका फर्स्ट है, वैसे ही किसी और देश की सरकार के लिए उसका अपना वतन पहले है। ऐसे में कोई भी समझौता बराबरी वाला होगा तभी आगे बढ़ा जा सकेगा, फिर चाहे वह टैरिफ लगाने का मामला ही क्यों न हो। इससे पहले ट्रंप ने अपनी विचारधारा को आगे रखते हुए संयुक्त राष्ट्र को ही अमेरिका विरोधी करार दिया था और संयुक्त राष्ट्र की फंडिंग की समीक्षा करने की मांग तक रख दी थी। इसके बाद उन्होंने फंडिंग रोकने और अमेरिका को बाहर निकालने तक के बयान दे दिए। यही नहीं रुस और यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने रुस के प्रति जो नरम रुख दिखाया उससे भी दुनियां हैरान रह गई। यूक्रेन से उसका खजाना मांग लेना और दबाव बनाना कि युद्ध बिना किसी शर्त के रोक दिया जाए। चीन से मिलने वाली व्यापारिक चुनौतियों को दरकिनार कर ट्रंप एक अलग रास्ते पर जाते हुए दिखे हैं। यही नहीं अपने पड़ोसी देशों को अपना राज्य घोषित कर दुनियां को चौंकाने का काम भी ट्रंप कर रहे हैं। यह अलग बात है कि कनाडा और मैक्सिको ने इसका बेहतर जवाब दिया है और दुनियां के तमाम देशों को अपने अस्तित्व को बचाए रखने और मान-मयार्दा में रहने का संदेश भी दे दिया है। बात गाजा की करें तो यहां पर भी ट्रंप ने इजराइल और खाड़ी देशों की अनदेखी कर ट्रंप सोसायटी बनाने का ऐलान कर सभी को जगाने जैसा काम कर दिया है। रही सही कसर हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़कर अवैध अप्रवासियों को उनके देश भेजने का काम करके ट्रंप ने पूरी कर दी है। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि जो लोग यह समझ रहे थे कि ट्रंप सिर्फ गैर कानूनी तरीके से अमेरिका में रह रहे विदेशियों को बाहर करने का काम करेंगे तो उन्हें बतला दिया जाना उचित होगा कि अब वो ग्रीन कार्ड धारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाने से चूकेंगे नहीं। अगर यकीन नहीं आता तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ग्रीन कार्ड होल्डर्स को लेकर दिए गए इस बयान को ही देख लें, जिसमें उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड होल्डर्स हमेशा अमेरिका में नहीं रह सकते हैं। यह सच है कि ग्रीन कार्ड को कानूनी तौर पर स्थायी निवासी कार्ड माना जाता है। इसके जरिए स्थायी तौर पर रहते हुए काम करने का अधिकार मिलता है, बशर्ते कि व्यक्ति ऐसे किसी अपराध में शामिल न हो जिससे इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन होता हो। यहां बताते चलें कि अमेरिका में ग्रीन कार्ड रखने वाले लोगों में मेक्सिको के बाद भारतीय दूसरे नंबर पर आते हैं। वैसे यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प, ह्यट्रम्प गोल्ड कार्डह्न नाम के एक वीजा प्रोग्राम को बढ़ावा दे रहे हैं। इसलिए समझा जा रहा है कि यह पूरी कबायद अधिक धन बसूली वाली है, क्योंकि इस प्रोग्राम के तहत विदेशी नागरिक 5 मिलियन डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रुपए देकर अमेरिका की नागरिकता हासिल कर सकते हैं। ट्रम्प इसे अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का बेहतर रास्ता बताते हैं। यही नहीं ट्रम्प ने ह्यगोल्ड कार्डह्न को ईबी-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प भी बताया है और यदि सब सही रहा तो भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जा सकते हैं। बात यही है कि ट्रंप की नीति फालो करें वर्ना देश निकाला और दुनियां के देशों के लिए मुसीबतें तो मुंहबाए खड़ी ही हैं। इससे हटकर ट्रंप ने एक और ऐलान किया है जिसके बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, क्यूबा, उत्तर कोरिया और म्यांमार जैसे 41 देशों के नागरिक अमेरिका में कदम भी नहीं रख पाएंगे। कारण यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 41 देशों पर व्यापक यात्रा प्रतिबंध लगाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। इस प्रकार ट्रंप ने बड़ी संख्या में दुनियां के देशों को दुखी और नाराज करने का बीड़ा उठा रखा है। दक्षिण अफ्रीका के साथ संबंध बिगड़ना, भारतीय छात्रा का वीजा रद्द करना, रूस के आगे अमेरिकी कूटनीति का विफल हो जाना, और यूरोपीय देशों का एफ-35 से दूरी बनाना, यह सभी संकेत देते हैं कि अमेरिका के लिए वैश्विक अवसर कम होते जा रहे हैं और चुनौतियां बढ़ रही हैं। ये तमाम ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप की विश्वसनीयता को खतरे में डाल दिया है। इस कारण भी अमेरिका के लिए अब वैश्विक परिदृश्य में चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। अंततः देखना यह होगा कि ट्रंप प्रशासन इस स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था को कैसे संभाल पाता है, क्योंकि इस समय विश्व में अमेरिका के लिए अवसर कम और चुनौतियां ज्यादा हैं।

मप्र शासन के राज्यमंत्री और विधायक बोले

# जमीन पर ही चल कर जमीन का धरातल पर विकास होगा : टेटवाल

गुड इवनिंग, सारंगपुर

जमीन पर ही चल कर जमीन का धरातल पर विकास होगा। इस सच्चाई को हम अच्छे से समझते हैं। इस बजट में सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 12 सडकों का निर्माण के लिए 265 करोड रुपए का बजट में प्रावधान किया गया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में हम विकास की गति को तेजी से बढा रहे हैं और आगामी दिनों में धरातल पर आपको विकास दिखेगा। इस बजट में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए हमने कुछ विशेष चुनिंदा मागों का चयन किया था, जिसकी स्वीकृक्ति बजट में मिल गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य भी चालू किए जाएंगे। यह बात सारंगपुर में सेवा सदन में चर्चा के दौरान राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कही। मंत्री टेटवाल ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता इस क्षेत्र को विकास की गति को लगातार बनाए रखना मेरा प्रयास रहेगा। जनाआकांक्षा और अपेक्षाओं अनुसार हमारी सरकार हमेशा कार्य कर रही है, इसके पहले भी मैं आम लोगों की बैठक बुलाकर लोगों के सुझाव लिए थे, उसके अनुसार ही क्षेत्र की सारी विकास की गतिविधियों को आगे बढाया है। हमारा प्रमुख लक्ष्य जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।



**सडकों से क्षेत्र में सुगम होगा आवागमन, मिलेगी सुविधा-** टेटवाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र का आवागमन सुगम होगा। वहीं विकास को नया आयाम मिलेगा। क्षेत्र में विकास की नई उडान से आम लोगों में स्वीकृक्ति से भारी उत्साह है। स्वीकृति कराने पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने मंत्री का पुष्पमाला से स्वागत किया और आभार प्रकट किया।

### क्षेत्र में 12 सडकें बजट में शामिल

मंत्री टेटवाल ने कहा कि इस बजट में विधानसभा क्षेत्र की 12 सडकों का प्रावधान किया है। जिनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत महत्वपूर्ण सडक परियोजनाएं बडागांव से खुजनेर तक 52.5 किलोमीटर लंबी सडक हेतु 139 करोड 12 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत हुए। सारंगपुर से बडागाव तक 35 किलोमीटर की सडक हेतु 105 करोड राशि स्वीकृ, खजुरिया घाटा से कालापीपल नलखेडा रोड तक 4 किलोमीटर हेतु 5 करोड की राशि, ग्राम सेमलीलोढा से भुमका मार्ग 3 किलोमीटर सडक हेतु 2 करोड 60 लाख स्वीकृत, ग्राम बीरगडी से खजुरिया घाटा तक 3 किलोमीटर सडक 2 करोड 60 लाख स्वीकृत, ग्राम सुलतानपूर से ग्राम बदेशी जोड तक 1.5 किलोमीटर सडक हेतु 1 करोड 50 लाख, भ्याना से कडलवाद के लिए सडक मार्ग हेतु 1 करोड स्वीकृत, ग्राम बखेड से काल्याखेडी तक 2 किलोमीटर सडक हेतु 1 करोड 90 लाख, सुलतानपुरा से बिदेशी जोड तक 2.7 किलोमीटर सडक हेतु 2 करोड 77 लाख 18 हजार, ग्राम साबरस्या से मेरीमोटी मार्ग तक 2 किलोमीटर सडक हेतु 2 करोड 60 लाख स्वीकृत, ग्राम सुलतानिया से निपनिया रुआला तक 3 किलोमीटर सडक हेतु 2 करोड 60 लाख रुपये, पचोर नगर में वार्ड 5 में भोजपुरिया जोड से पनिया रोड बाय पास तक 2 किमी सडक हेतु 4 करोड की स्वीकृति मिली है।

लायसेंसी अधिकृत शराब दुकानों सहित गांवों के अवैध अड्डों से भी खूब बिकी शराब

# सांवेर सहित गांव-गांव में उड़ा ड्राय डे का मखौल

गुड इवनिंग, सांवेर

*शुक्रवार को होली के कारण कलेक्टर द्वारा जिले में ड्रायडे घोषित किया गया था। मद्य निषेध दिवस अर्थात शराब दुकानें बंद रखी जाने का फरमान जारी किया गया था मगर इस आदेश का सांवेर नगर समेत समूचे क्षेत्र के गांव- गांव में खुला मखौल उड़ाकर जमकर शराब बेचीं गई। कलेक्टर के आदेश का पालन करवाने के लिए जिम्मेदार पुलिस महकमा इस मामले में खामोश तमाशबीन की भूमिका में रहा और आबकारी अमला तो सांवेर में गायब ही है।*



धुलेंडी पर शांति बनी रहे और कानून व्यवस्था में कोई खलल न पड़े इस मकसद से हर साल की तरह इस साल भी कलेक्टर ने जिलेभर के लिए शुक्रवार के दिन को ड्रायडे से घोषित कर इसका पालन करवाने के लिए आबकारी अमले को निर्देशित किया था। ड्रायडे पर लायसेंसी शराब दुकानें बंद रहे और शराब नहीं बिके इसकी जिम्मेदारी पुलिस की भी रहती है। देखने में आया कि क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक क्षेत्र की अधिकृत शराब दुकानें शुक्रवार को बंद रखने के का दिखावा करवाने के लिए दुकानों के तालों पर अपने दस्तखत वाले कागज की पर्ची एक दिन पहले ही थमाकर चले गए थे। यह पर्ची दुकानों के सेल्समैनों ने शुक्रवार को खुद लगा ली और बाहर बैठकर बेखौफ शराब बेचते रहे। यह स्थिति सांवेर नगर समेत क्षेत्र के सभी गांवों में स्थित लायसेंसी शराब दुकानों की थी।

**गांवों में रोज की तरह नजारा**-सांवेर नगर में फोरलेन मार्ग के बायपास पर कुड़ाना रोड़ चौराहे और भुट्टा चौपाटी पर लायसेंसी शराब दुकानें है। इस दोनों दुकानों पर देशी और विदेशी दोनों किस्म की शराब 24 घंटे बिकती है। इन दुकानों के न बंद होने का समय है न चालू होने का समय है सुबह जल्दी खुल जाती है और आधी रात बाद तक चालू रहती है। उधर, क्षेत्र का कोई गांव ऐसा नहीं है, जहां शराब नहीं बिकती हो। लायसेंसी शराब दुकानों के अलावा भी नगर और क्षेत्र के गांवों ने मुख्य मार्गों पर ढाबों, होटलों और अन्य अड्डों पर भी बारहों मास 24 घंटे शराब बिक रही है और तो और बिठाकर पीने की सुविधा दी जा रही है। गांवों में भी शराब का अवैध व्यवसाय खूब फलफूल रहा है . सांवेर के गांवों में कम से कम एक व्यक्ति तो खुलेआम शराब बेचने वाला मिल ही जाएगा। शुक्रवार को होली धुलेंडी का ड्राय डे इन अड्डों ने भी खोखली कागजी कारवाई साबित कर दिया क्योंकि इन पर तो रोजाना से ज्यादा और महंगी शराब बेचीं गई ।

### पुलिस मूकदर्शक, आबकारी लापता

शुक्रवार को हर जगह आमजनों को खुलेआम वैध, अवैध शराब बिकती नजर आई मगर नहीं दिखा तो क्षेत्र के थानों की पुलिस को। पुलिस महकमा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत भ्रमण तो कर रहा था कई जगह पुलिस बल तैनात भी था मगर शराब बेचने वाले बेखौफ रहे।। आबकारी महकमा तो शायद ग्रामीण क्षेत्र से लापता ही है इसलिए उसकी ओर से कोई कारवाई की किसी को उम्मीद नहीं रहती है।

## पीथमपुर में फिर सक्रिय हुआ महिला चेन स्नेचिंग गिरोह, बाजार में मंगलसूत्र चोरी

गुड इवनिंग, पीथमपुर



शहर में चेन स्नेचिंग गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। शनिवार को हॉट बाजार में खरीदारी करने आई महिला हेमलता जायसवाल के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई। कुछ महिलाओं ने चालाकी से पीछे से उनका मंगलसूत्र काट लिया। जब हेमलता को इस घटना का एहसास हुआ और उन्होंने आसपास की महिलाओं को जानकारी दी, तब तक संदिग्ध महिलाएं वहां से फरार हो चुकी थीं।

दुकानदारों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह गिरोह अक्सर बाजारों में सक्रिय रहता है। बताया जा रहा है कि ये महिलाएँ शिप्रा, देवास और अन्य इलाकों से पीथमपुर के बाजारों में आती हैं और चेन स्नेचिंग एवं मोबाइल चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देती हैं।

घटना के बाद हेमलता जायसवाल तुरंत पीथमपुर थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध महिलाओं की पहचान के लिए बाजारों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**बाजारों में बढ़ी चोरी की घटनाएं, प्रशासन अलर्ट**-शहर में हाल ही में इस तरह की चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे बाजार में सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। प्रशासन जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है, ताकि इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

## होली के दिन महिला से छेड़छाड़, आरोपी फरार

गुड इवनिंग, पीथमपुर

सेक्टर एक थाना अंतर्गत होली के दिन एक महिला के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। अकोलिया बरदरी में रहने वाली 32 वर्षीय महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 14 मार्च की सुबह 10:30 बजे की है, जब महिला अपने घर में थी और उसके तीन बच्चे छत पर होली खेल रहे थे। उसका पति धामनोद में होली के कार्यक्रम में गया हुआ था। इसी दौरान बिल्डिंग में रहने वाले किरायेदार और कुछ अन्य लोग होली खेलने के बहाने महिला के घर पहुंचे। महिला ने जब उनके साथ होली खेलने से इनकार कर दरवाजा बंद कर लिया, तो आरोपियों ने जबरन दरवाजे की कुंडी तोड़कर घर में घुसने की कोशिश की और बुरी नीयत से छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर उसके बच्चे नीचे आए, जिससे आरोपी वहां से भाग निकले।

रात 11:30 बजे महिला का पति घर लौटा, तो उसने पूरी घटना बताई। जब पति ने आरोपियों से इस बारे में बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने झगड़ा किया और दंपति को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने अपने पति के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## फ्लाई ओवर पर हो रहे हादसों और मौतों से गुस्साए लोगों ने की सड़क जाम



फाइलफोटो

गुड इवनिंग, देवास/इंदौर

मध्य प्रदेश के देवास जिले में इंदौर रोड पर स्थित फ्लाईओवर जिसे पूरा शहर जबरन के ब्रिज के नाम से जानता है, अब तक कई युवाओं की जान ले चुका है। कुछ दिन पहले ब्रिज के नीचे से ट्रैफिक डायवर्ट होने और वहां ट्रैफिक के दबाव के कारण देवास का एक नवयुवक, जो इस देश का आने वाला भविष्य रचता, फ्लाईओवर ब्रिज की बलि चढ़ गया और शहर को चर्चा का एक और विषय दे गया। इन मामलों को लेकर ब्रिज पर चक्काजाम भी किया गया।

**क्या है पूरा मामला ?**-जिस दिन से देवास के इस ब्रिज का काम शुरू हुआ है, उसी दिन से इसका विरोध भी शुरू हो गया है। दरअसल, यह ब्रिज जहां बनना चाहिए था, वहां नहीं बना और चौड़ाई भी उतनी नहीं थी जितनी होनी चाहिए थी. आपको बता दें कि पुलिस कर्मियों से शुरू हुए इस ब्रिज की वजह से अब तक 32 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस पूरे मामले के लिए काफी हद तक शहर के लोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्होंने बर्दाश्त की हदें पार कर दी हैं।

**यातायात विभाग भी जिम्मेदार**-यातायात विभाग की ओर से शहर में 6 प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां कई पुलिसकर्मी खड़े होकर वसूली करते नजर आते हैं। शहर में हो रही इन मौतों से उनका भी कोई लेना-देना नहीं है। इस पुल के आसपास किसी भी तरह का कोई प्रशासन नहीं है, जो लोगों और वाहनों की सुरक्षा की जांच करता हो।

## चलते ट्रक से नकाबपोश बदमाशों ने की फिल्मी अंदाज में चोरी, वीडियो वायरल

गुड इवनिंग, पीथमपुर



हाईवे पर लूट और चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ, जिसने लोगों को चौंका दिया। यह घटना नेशनल हाईवे राव बायपास, लुणावत कॉसमॉस कॉलोनी के पास की बताई जा रही है, जहां तीन नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में चलते ट्रक से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर ट्रक के पीछे चल रहे थे। उनमें से एक युवक अचानक ट्रक पर चढ़ जाता है और उसमें रखा सामान चोरी करने लगता है। बाकी दो युवक बाइक पर ट्रक के साथ-साथ चलते रहते हैं और चढ़े हुए बदमाश से चोरी का सामान लेते जाते हैं। यह पूरी घटना हाईवे पर चल रही थी, जिससे ट्रक चालक और अन्य वाहन चालक पूरी तरह अनजान थे।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान करने में जुट गई है। हालांकि, बदमाशों ने अपने चेहरे नकाब से ढंके हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। पुलिस का कहना है कि यह किसी संगठित गिरोह का काम हो सकता है, जो हाईवे पर ट्रकों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है।

**हाईवे पर बढ़ते अपराध, ट्रक चालकों में डर**-इस घटना के बाद हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हो रही इस तरह की वारदातों से ट्रक चालक और व्यापारी डरे हुए हैं। ट्रांसपोर्ट संगठनों ने प्रशासन से हाईवे पर गश्त बढ़ाने और ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## बेटमा में आपसी विवाद में मारपीट, 2 घायल

### पुलिस ने की 5 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

गुड इवनिंग, इंदौर





होली के दिन बेटमा थाना क्षेत्र में जमकर मारपीट हुई। लठबाजी में 2 लोग घायल हो गए हैं। घटना ग्राम पीर पिपलिया इलाके में हुई है । घटना के बाद बेटमा पुलिस ने रितेश पिता निर्भय सिंह जाति राजपूत की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता रितेश पिता निर्भय सिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम पीर पिपलिया ने बताया कि मैं अपने दोस्त श्रीराम के साथ पुलिया पर बैठे हुए थे । करीबन दिन 3 बजे मुकेश, नरेंद्र मोटरसाइकिल से आये और मुझको बोला की तुम लोग यहां पर बैठ कर क्या कर रहे है मैंने बोला कि हम खाना पीना कर रहे है इस बात को लेकर मुकेश और नरेंद्र मां बहन की नंगी नंगी गलियां देने लगे मैने उन्हे गलियां देने से मना किया तो मुकेश और नरेंद्र लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी मेरा दोस्त श्रीराम बिच बचाओ में करने आया पीछे से मुकेश के साथी जितेन्द्र, सोनू व शंकर ने मां बहन की नंगी नंगी गलियां देने लगे और डंडे से मारपीट शुरू कर दी जिससे श्रीराम को सिर में काफी चोट आई है। आस पास के पहचान वालो ने बिच बचाव किया फिर मैं और श्रीराम बेटमा शासकीय अस्पताल कहे और वहां इलाज करा कर बेटमा पुलिस थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई।

### अनयंत्रित कार टकराई...

इंदौर, गिटार चौराहे पर देर रात हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार रेलिंग से टकरा गई, इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।



फोटो : गुड इवनिंग

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार,** स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।